
रोहतक
रविवार, 20 जुलाई, 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 29, अंक : 170
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 35.0
न्यून. 22.3

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



02 हरियाणा के नए गवर्नर प्रो. अशीम घोष राजभवन पहुंचे, सीएम ने किया स्वागत




# अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी मामला: ईडी ने मेटा और गूगल के अधिकारियों को 21 जुलाई को तलब किया

*एजेंसी का दावा, इन दोनों कंपनियों ने सट्टेबाजी एप्स को बढ़ावा देने का काम किया*

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कई अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के खिलाफ धनशोधन के आरोपों की जारी जांच के तहत प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा और गूगल के प्रतिनिधियों को तलब किया है। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि अधिकारियों को 21 जुलाई को यहां एजेंसी के समक्ष पेश होने और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपने बयान दर्ज कराने को कहा है। प्रवर्तन निदेशालय का आरोप है कि इन दोनों कंपनियों ने सट्टेबाजी ऐप्स को बढ़ावा देने का काम किया और उनके विज्ञापनों व वेबसाइट्स को अपनी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर प्रमुखता दी। दोनों कंपनियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। संघीय एजेंसी अवैध सट्टेबाजी और जुए के लिंक साझा करने वाले कई प्लेटफॉर्म की जांच कर रही है, जिसमें विभिन्न इंटरनेट-आधारित सोशल मीडिया संस्थान और ऐप स्टोर्स पर उनके लिए उपलब्ध किए गए विज्ञापनों के उदाहरण भी शामिल हैं।




### मेहनत की कमाई ठग रहे

ईडी ने प्रौद्योगिकी क्षेत्र की इन दिग्गज कंपनियों को यह पता लगाने के लिए बुलाया है कि ऐसे अवैध प्लेटफॉर्म उनके सोशल मीडिया और संचार लिंक पर विज्ञापन कैसे दे पा रहे हैं। इन मामलों में कुछ अभिनेता, मशहूर हस्तियां और खिलाड़ी भी ईडी की जांच के दायरे में हैं और उन्हें भी जल्द ही तलब किए जाने की उम्मीद है। ईडी ने कहा है कि अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफॉर्म निर्दोष लोगों से उनकी मेहनत की कमाई को ठग रहे हैं और करोड़ों रुपये का धनशोधन करने के साथ कर चोरी भी कर रहे हैं।

### सट्टेबाजी के खिलाफ एक्शन में ईडी

यह पहली बार है जब किसी बड़ी टेक कंपनी को सट्टेबाजी जैसे मामलों में सीधे तौर पर जवाबदेह ठहराया जा रहा है। ईडी की यह कार्रवाई ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ चल रहे व्यापक अभियान का हिस्सा है। ईडी का यह कदम दिखाता है कि जांच अब और बड़े स्तर पर हो रही है। इससे पहले भी कई फिल्मी सितारे और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अवैध सट्टेबाजी ऐप्स का प्रचार करने के मामले में जांच के घेरे में आ चुके हैं।

### 'स्किल बेस्ड गेम' के नाम पर चल रहा धंधा

बता दें कि ईडी ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स के एक बड़े नेटवर्क की बारीकी से जांच कर रही है। इनमें से कई ऐप्स खुद को 'स्किल बेस्ड गेम' बताकर असल में अवैध सट्टेबाजी में लिप्त हैं। माना जा रहा है कि इन प्लेटफॉर्म्स के जरिए करोड़ों रुपये की काली कमाई की गई है, जिसे पकड़ से बचाने के लिए जटिल हवाला चैनलों के जरिए इधर-उधर भेजा गया।

### कई हस्तियों के खिलाफ मामला दर्ज

पिछले हफ्ते ईडी ने 29 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिनमें मशहूर अभिनेता, खिलाड़ी, टीवी होस्ट और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शामिल हैं। इन पर आरोप है कि इन्होंने अवैध सट्टेबाजी ऐप्स का प्रचार किया। जिन सेलिब्रिटीज के नाम ईडी की रिपोर्ट में दर्ज हैं, उनमें प्रकाश राज, राणा दग्गुबाती और विजय देवरकोंडा जैसे बड़े नाम शामिल हैं। आरोप है कि इन लोगों को इन ऐप्स का प्रचार करने के बदले में भारी रकम दी गई थी।

## खबर संक्षेप

### बूढ़ा अमरनाथ यात्रा 28 जुलाई से होगी शुरू

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुंछ में 13 दिवसीय बूढ़ा अमरनाथ तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन के लिए व्यवस्थाओं की समीक्षा की। पुलिस उप महानिरीक्षक तेजिंदर सिंह ने पुंछ में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। 'पहला जत्था 28 जुलाई को जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना होगा और पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुंछ की मंडी तहसील की ओर बढ़ेगा। भाषा

### अभिनेता राकेश रोशन की एंजियोप्लास्टी हुई

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर एवं फिल्ममेकर राकेश रोशन की तबीयत ज्यादा खराब हो गई थी। जिसके बाद उनके गर्दन की एंजियोप्लास्टी हुई है। उन्हें मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी बेटी सुनैना रोशन ने बताया है कि उनके पापा एकदम ठीक हैं। और वह आराम कर रहे हैं। वहीं, परिवार उनकी देखरेख में लगा हुआ है, जिससे फिल्म निर्माता ठीक होकर घर आ सकें। भाषा

### नाइजर में 2 भारतीयों की हत्या, एक अगवा

**नियामी।** दक्षिण-पश्चिमी नाइजर में एक आतंकी हमले में दो भारतीय मारे गए और एक को अगवा कर लिया गया। भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी। दूतावास ने पोस्ट किया कि नाइजर के डोसो क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमले में दो भारतीय नागरिकों की दुखद मौत हो गई। भारतीय मिशन ने कहा कि वह मारे गए लोगों के पार्थिव शरीर स्वदेश भेजने के लिए प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रहा है। ब्यूरो

### घायल हुए खान, इलाज के लिए अमेरिका रवाना

**मुंबई।** शूटिंग के दौरान अभिनेता शाहरुख खान चोटिल हो गए। वे इलाज के लिए अमेरिका रवाना हो गए। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने इसको लेकर एक पोस्ट किया है। जिसमें उन्होंने शाहरुख खान के चोटिल होने की बात की भी पुष्टि करते हुए उनके जल्द ठीक होने की भी दुआएं की हैं। सीएम ने लिखा, मेरे भाई शाहरुख खान के शूटिंग के दौरान मसल इंजरी की खबरें आ रही हैं जो मुझे चिंतित कर रही हैं। एजेंसी

## मानसून सत्र से पहले 'ट्रंप बम', जंग के बाद अब फाइटर जेट पर दावा

# भारत-पाक के बीच सैन्य टकराव में 5 विमान गिरे

*अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह नहीं बताया कि क्रैश हुए विमान किस देश के थे*

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से ठीक दो दिन पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 'ट्रंप बम' 24वीं बार फोड़ते हुए कहा कि मई में भारत-पाक के बीच सैन्य टकराव के दौरान 5 विमान मार गिराए गए। साथ ही उन्होंने 24वीं बार फिर दावा किया कि दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव उनके हस्तक्षेप के बाद समाप्त हुआ। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों को दिए गए रात्रिभोज के एक कार्यक्रम में यह दावा किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने कई बड़े युद्ध रोके हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच भी ऐसा ही हुआ था। वहां विमान नष्ट हो रहे थे, शायद 5 विमान गिरे थे। हमने दोनों के बीच सैन्य तनाव को व्यापार समझौते के जरिए समाप्त किया है। ट्रंप के मुताबिक, अमेरिका ने साफ किया कि अगर आप दोनों (भारत-पाक) देश एक-दूसरे पर हमला करेंगे और उसमें हथियारों (परमाणु) का प्रयोग करेंगे। तो हम आपके साथ समझौता नहीं करेंगे? ट्रंप ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में वह किस देश के पांच लड़ाकू विमान गिरने की बात कह रहे हैं? वहीं, यहां पर ध्यान देने वाली एक बात ये भी है कि अमेरिका के विदेश मंत्रालय और विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा पहलगाम हमले के दोषी लश्करे-ए-तैयबा के मुखौटा आतंकवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को विदेशी आतंकी संगठन घोषित करने के तुरंत बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह बयान सामने आया है।

### व्हाइट हाउस में डिनर के दौरान ट्रंप ने किया दावा



#### भारत का दावा : पाक के 6 फाइटर जेट तबाह हुए

भारत ने दावा किया था की ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना के हमले में पाकिस्तान के 6 फाइटर जेट, 3 एयरक्राफ्ट और 10 से ज्यादा ड्रोन और क्रूज मिसाइलें तबाह हुई थीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 6 से 10 मई के बीच भारत ने पाकिस्तान के पंजाब और पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) में मौजूद आतंकी ठिकानों पर हमला किया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भी जवाब देने की कोशिश की, लेकिन भारतीय वायुसेना ने न केवल जवाब दिया, बल्कि पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया।

#### पाक पीएम ने कहा था भारत के 6 विमान गिराए

पाक पीएम शहबाज शरीफ ने 7 मई को संसद में दावा किया था कि हमने भारत के हमले के जवाब में कार्रवाई की, जिसमें 5 भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया। 5 में 3 राफेल थे। बाद में पाकिस्तान ने 11 जुलाई को दोबारा भारत के 6 लड़ाकू विमानों को गिराने का दावा किया था।

#### भारत पहले ही कर चुका दावे को खारिज

31 मई को भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने ब्लूमबर्ग को दिए एक इंटरव्यू में पाक के साथ संघर्ष में भारत के लड़ाकू विमान को पाकिस्तान की और से नुकसान पहुंचाने के दावों को पूरी तरह से खारिज कर दिया था। जनरल अनिल चौहान ने कहा था कि पाक भारत के 6 विमान गिराने का दावा बिलकुल गलत है। इससे पहले भारत ने ट्रंप के संघर्ष विराम कराने के दावे को भी खारिज कर दिया था।

#### एनएसए डोभाल ने भी दी थी चुनौती

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने भी एक कार्यक्रम में इस मुद्दे पर विदेशी मीडिया के रुख पर तंज कसते हुए कहा कि संघर्ष में पाकिस्तान की तरफ से भारत का बाल भी बांका नहीं हुआ। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि इस संबंध में अगर आपके पास कोई सबूत (तस्वीर) है तो उसे जरूर दिखाएं।

*राहुल का सवाल*

#### मोदी जी पांच जहाजों का सच क्या है



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ट्रंप के दावे को लेकर कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को बताना चाहिए कि 5 जहाजों का सच क्या है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पीएम मोदी को इस बारे में संसद के भीतर स्पष्टीकरण देना चाहिए।

*भाजपा का पलटवार*

#### राहुल की मानसिकता एक देशद्रोही की



भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा, 'राहुल की मानसिकता एक देशद्रोही की है। ट्रंप ने अपने बयान में न तो भारत का नाम लिया, न ही यह कहा कि वे पांच जहाज भारत के थे। फिर कांग्रेस के युवराज ने उन्हें भारत के ही क्यों मान लिया? पाकिस्तान के क्यों नहीं माने? क्या उन्हें अपने देश से ज़्यादा हमदर्दी पाकिस्तान से है?

## गुरुग्राम की बीडीएस छात्रा ने टॉर्चर से परेशान हो विवि हॉस्टल में फंदा लगा दी जान

### प्रताड़ना के आरोप में शारदा यूनिवर्सिटी के दो प्रोफेसर हिरासत में, डीन समेत 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**बीडीएस सेकेंड ईयर की छात्रा थी 21 साल की ज्योति शर्मा**

**सुसाइड नोट में लिखा, महेन्द्र सर और शैरी मैम जिम्मेदार**



**गुरुग्राम/नोएडा (हरिभूमि न्यूज)।** गुरुग्राम की रहने वाली और उत्तरप्रदेश के ग्रेटर नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली छात्रा ज्योति शर्मा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। 21 साल की ज्योति बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) सेकेंड ईयर की छात्रा थी। शुक्रवार देर रात उसने हॉस्टल की 12वीं मंजिल पर फंदा लगाकर जान दे दी। घटना का पता उस वक्त चला, जब साथी छात्रा रूम के पास गई। देखा तो दरवाजा अंदर से बंद था। धक्का दिया तो दरवाजा खुल गया, फिर उसने पुलिस और वॉर्डन को सूचना दी। कमरे से सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने दो प्रोफेसरों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया। पुलिस ने इस मामले में उसके प्रताड़ित करने के आरोप में डीन समेत 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके दो प्रोफेसर को हिरासत में लिया है।

#### सुसाइड नोट में यह लिखा

छात्रा ज्योति शर्मा ने सुसाइड नोट में लिखा कि महेंद्र सर और शैरी मैम मेरी मौत के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, मुझे अपमानित किया। उनकी वजह से लंबे समय से डिप्रेशन में हूं। मैं चाहती हूं कि उन्हें भी यही सब सहना पड़े। सॉरी मैं अब और नहीं जी सकती।



प्रताड़ना के आरोपित शारदा विवि के दो प्रोफेसर पुलिस हिरासत में

#### विवि में हंगामा

घटना के बाद यूनिवर्सिटी में छात्रों ने भारी हंगामा किया। पुलिस ने दोनों ही शिक्षकों को अरेस्ट कर लिया है। वहीं, गुरुग्राम स्थित ज्योति के घर पर ताला लटका है और गली में सन्नाटा पसरा है। पड़ोसी भी इस घटना से सदमे में हैं।

#### पिता की शिकायत पर केस

अपर पुलिस उपायुक्त सुधीर कुमार ने बताया कि नालेज पार्क थाना क्षेत्र में स्थित शारदा विश्वविद्यालय में बीडीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति शर्मा ने छात्रावास के अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ज्योति के पिता रमेश जांगड़ा ने विश्वविद्यालय के डीन डॉक्टर एम सिद्धार्थ और प्रोफेसर सैरी मैडम, महेंद्र, अनुराग अवस्थी एवं सुरभि के अलावा एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। रमेश का आरोप है कि इन लोगों के उत्पीड़न, दुर्व्यवहार एवं धमकाए जाने के कारण उनकी बेटी ने आत्महत्या की।

#### यह बोले विवि के कुलाधिपति गुप्ता

शारदा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पी के गुप्ता ने कहा कि मामले की विश्वविद्यालय के स्तर पर आंतरिक जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में डीन ने उन्हें बताया कि छात्रा ने अपने एक 'टेस्ट' की कॉपी में प्रोफेसर के फर्जी हस्ताक्षर किए थे, जिसे लेकर उसे टोका गया था और उसके परिजनों को भी बुलाकर यह बात बताई गई थी। कॉलेज प्रशासन इस मामले की जांच में पुलिस की पूरी मदद करेगा।

## रेवाड़ी में दर्दनाक वारदात: महिला की सिर फोड़कर हत्या, घर में अकेली थी

**रेवाड़ी (हरिभूमि न्यूज)।** मसीत गांव में शुक्रवार देर रात 48 वर्षीय महिला की सिर फोड़कर हत्या कर दी गई। वारदात के समय महिला घर पर अकेली थी। पुलिस व सीन ऑफ क्राइम टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। सीआईए कोसली ने भी जांच शुरू कर दी। आरंभिक जांच में मामला लूट व हत्या का लग रहा है। मृतक सुनीता देवी का पति लक्ष्मगढ़ में नौकरी करता है। घर पर वह और उसका बेटा ही रहते थे। बेटा दो दिन पहले पठानकोट पेपर देने गया था। रात को उसने मां के पास फोन किया, तो उसने फोन नहीं उठाया। बेटे में पड़ोसी को फोन पर बताया कि उसकी मां फोन नहीं उठा रही है, इसलिए वह घर जाकर उसकी मां से बात कराए। पड़ोसी जब सुनीता के घर पहुंचा तो वह खून से लथपथ पड़ी हुई थी। ग्रामीणों पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। महिला के सिर पर चोट के निशान बताए जा रहे हैं। घर का सामान बिखरा हुआ था, जिससे हत्या के साथ-साथ लूट की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। महिला का फोन भी गायब है।



हत्या किसने की यह अभी खुलासा नहीं
**घर में खून से लथपथ शव मिला**
महिला का मोबाइल भी गायब मिला

## दिल्ली की सीएम रेखा को दी कोथली

### सीएम सैनी ने चांदी का मुकुट पहनाया

**जींद।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने शनिवार को जींद में स्थित पैतृक गांव नंदगढ़ में बर्थडे मनाया। उन्होंने मंच पर केक काटा। इस दौरान सीएम नायब सिंह सैनी ने उन्हें चांदी का मुकुट पहनाया। डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा, मंत्री कृष्ण बेदी और विधायक रामकुमार गौतम ने उन्हें कोथली दी। इससे पहले दोनों सीएम ने जुलाना में अग्रसेन भवन का उद्घाटन किया।




#### सैनी बोले, बेटी का जीवन राष्ट्र को समर्पित

सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा-हमारी बेटी (सीएम रेखा गुप्ता) का पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा है। मुझे खुशी है कि वे एक साधारण परिवार से आती हैं। सीएम सैनी ने जींद के नए अग्रवाल भवन ओर नंदी कामधेनू गोशाला के लिए 31 लाख रुपये देने का ऐलान किया।

#### भाई बहन की जोड़ी धुआं उठा देगी : रेखा

रेखा गुप्ता ने कहा- मैं ये विश्वास दिलाना चाहती हूं कि ये भाई बहन की जोड़ी धुआं उठा देगी। दिल्ली वाले कहते हैं कि धुएं से पॉल्यूशन होता है। मैं कहना चाहती हूं कि ये धुआं पॉल्यूशन का नहीं विकास का होगा।

(संबंधित पैकेज पेज दो पर)

## 40,000 रिश्वत लेते पकड़ा

### बीएसएफ कर्मी भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली (भाषा)।** सीबीआई ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक सहायक लेखा अधिकारी को एक ठेकेदार से 40,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि लोक लेखा कार्यालय में कार्यरत धर्मेंद्र कुमार वर्मा ने ठेकेदार के लंबित बिलों को मंजूरी देने के लिए दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। उन्होंने कहा कि वर्मा ने कुल बिल की 15 से 20 प्रतिशत राशि यानी लगभग दो लाख रुपये की कथित तौर पर मांग की। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि आरोपी और अन्य अज्ञात व्यक्ति शिकायतकर्ता से दो लाख रुपये रिश्वत लेने पर सहमत हो गए। बयान में कहा गया, ''सीबीआई ने 18 जुलाई को जाल बिछाया और आरोपी को शिकायतकर्ता से 40,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।'

**लोक लेखा कार्यालय में धर्मेन्द्र ने लंबित बिल के लिए 2 लाख मांगे**

## तैयारी: सरपंचों के खातों में सीधे जाएगा पैसा, 509 गांवों में पंचायत घर बनेंगे

# अब सरंपच करवाएंगे पंचायत भवनों का निर्माण, 25 लाख खर्च कर सकेंगे

*तीन माह के अंदर नए निर्माण होंगे, पुराने भवनों को तोड़कर नए निर्माण को भी हरी झंडी*

योगेंद्र शर्मा ▸▸ चंडीगढ़

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र प्रतिनिधियों को प्रदेश सरकार ने बड़ी राहत दी है। सरकार ने 509 गांवों में नए पंचायत घर बनाने के लिए ग्राम पंचायतों को बजट जारी करने की तैयारी कर ली है। तीन माह के अंदर पंचायत घरों का निर्माण करना होगा। पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने इसकी पुष्टि की है। प्रदेश का कोई भी गांव बिना पंचायत भवन के नहीं रहेगा, क्योंकि इसके लिए केंद्र की ओर से 125 करोड़ की राशि प्रदान की गई है। मंत्री ने बताया कि पंचायत भवनों की ड्राइंग भी केंद्र द्वारा बनाई गई है। हर पंचायत भवन को लेकर 25 लाख की राशि दी जाएगी। इसमें 21 लाख निर्माण कार्यों के लिए भेजा जा रहा है, चार लाख फर्नीचर के लिए दिया जा रहा है। पैसा भी जारी करने की प्रक्रिया चल रही है, अहम बात यह है कि वित्तीय पावर बढ़ाने की मांग करने वाले सरपंच को सौगात दी गई है। यह पैसा सीधे ही सरपंचों के खाते में जाएगा।

### लाइब्रेरी भी गांवों में खोलने की तैयारी सीएम खुद अगस्त में करेंगे उद्घाटन




#### पंचायत भवनों के लिए मिलेगा पैसा

केंद्र सरकार की ओर से ड्राइंग भेजी गई है। पांच सौ से ज्यादा नए भवनों का निर्माण करने के बाद में केंद्र की ओर से बाकी के लिए भी पैसा भेजा जाएगा। मंत्री कृष्ण पंवार का कहना है कि पुराने भवनों को तोड़कर नया तैयार किया जाएगा। केंद्र सरकार ने आश्वस्त कर दिया है कि इनके निर्माण के बाद में इतनी ही संख्या में बाकी निर्माण के लिए भी पैसा भेजा जाएगा।

#### 2000 गांव में लाइब्रेरी खुलेगी

हर गाव में ई-लाइब्रेरी हो, महिलाओं के लिए सांस्कृतिक केंद्र भी हो। प्रदेश के 2000 गांव में जल्द ही लाइब्रेरी बच्चों के भविष्य के लिए तैयार की जाएंगी। महिला केंद्रों को भी सरकार की ओर से काम दिया जा रहा है, जिसे उन्होंने पूरा भी किया है। प्रदेश सरकार भी गांव पंचायतों में लाइब्रेरी खोलने की पहल करने जा रही है। खुद सीएम अगस्त में इनका उद्घाटन करने की तैयारी में हैं। प्रदेशभर में महिला सांस्कृतिक केंद्र भी खोले जाएंगे।

## तीन आरोपित फरार

### ओडिशा में नाबालिग लड़की को पेट्रोल डालकर जलाया

**भुवनेश्वर(भाषा)।** ओडिशा के पुरी जिले में शनिवार को अज्ञात लोगों ने 15 वर्षीय लड़की को आग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि लड़की को गंभीर हालत में एम्स-भुवनेश्वर में भर्ती कराया है। लड़की 70% तक झुलस चुकी है और बोल नहीं पा रही। उपमुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री प्रभाती परीडा ने कहा कि सरकार लड़की के इलाज का खर्च वहन करेगी। पुलिस को दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए हैं। यह घटना 12 जुलाई को बालासोर के एफएम कॉलेज की छात्रा द्वारा यौन उत्पीड़न के कारण आत्मदाह किए जाने की घटना के कुछ ही समय बाद हुई है। छात्रा की 14 जुलाई को मौत हो गई थी। बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि ऐसे मामले शासन की विफलता की ओर इशारा करते हैं।

**सरकार कराएगी पीड़ित का इलाज हालत गंभीर**

## खबर संक्षेप



### रक्तदान शिविर में 40 यूनिट्स रक्त एकत्र

**चंडीगढ़।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के अधीन कार्यरत राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स अकादमी के क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान, चंडीगढ़ द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान निटर, सेक्टर 26 चंडीगढ़ में एक रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसमें 40 यूनिट्स रक्त एकत्र किया गया। यह रक्तदान शिविर विश्वास फाउंडेशन, पंचकूला व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी यूटी चंडीगढ़ के सहयोग से लगाया गया। कैंप जीएसटी निरीक्षकों के इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक सेवा गतिविधियों की श्रृंखला में आयोजित किया गया था।

### यूनिवर्सिटीज को बंद करना चाहती है बीजेपी

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि सरकारी स्कूलों के बाद बीजेपी सरकार यूनिवर्सिटीज को भी बंद करना चाहती है। इसीलिए हरेक यूनिवर्सिटी में भारी फीस बढ़ोत्तरी के बाद अब कोर्सिज बंद करने का सिलसिला शुरू कर दिया है।चो. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में फैकल्टी और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी का हवाला देकर 20 से ज्यादा स्किल बेस्ड और रोजगारपरक कोर्स यह बीजेपी सरकार बंद कर रही है। ये कोर्स बंद होने के बाद अब जीन्द व जींद के आस पास के विद्यार्थियों को कुरुक्षेत्र, दिल्ली या अलग क्षेत्रों में जाकर एडमिशन लेना पड़ेगा। जाहिर है कि उनके लिए दूर और बहुत खर्चीला भी होगा।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में मंत्री का शहर पिछड़ गया

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा शासन में कचरा प्रबंधन का कार्य उपेक्षित रहा, इसे लेकर जो भी कार्य हुआ वह सिर्फ कागजों तक सीमित रहा। कांग्रेस शासन में शुरू हुई थी व्यवस्था को भाजपा सरकार संभाल तक नहीं पाई यही वजह है कि आज प्रदेश कचरा घर बनता जा रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण=2024 में कई शहरों की स्टार रैंकिंग में गिरावट दर्ज की गई यहां तक कि प्रमुख शहरों को कोई स्टार रैंक तक नहीं मिल पाई। प्रदेश सरकार को अपनी पीठ थपथपाने के बजाए इस बात पर चिंतन करना चाहिए कि अरबों रुपये खर्च करने के बावजूद कहां कमी रह गई किसकी लापरवाही से रैंक गिरी या रैंक में सुधार नहीं हुआ।

### चौ. बंसीलाल ने विचारधारा से समझौता नहीं किया

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने भाजपा राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के एक बयान पर बड़ा पलटवार करते हुए कहा है कि कभी कांग्रेस पार्टी को मां कहने वाली किरण चौधरी आज अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए भाजपा के गुणगान करने में लगी हुई है।

## दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने अपने जींद के पैतृक गांव नंदगढ़ में जन्मदिन मनाया, सीएम सैनी ने दी बधाई

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत बना चौथी आर्थिक महाशक्तिः नायब सैनी

**पूर्ववर्ती सरकारों का देश के विकास के लिए नहीं था कोई स्पष्ट एजेंडा**

•

**सीएम ने अग्रसेन धर्मशाला का उद्घाटन तथा नंदी एवं कामधेनु गोशाला का भूमि पूजन किया**

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत और विचारधारा को आगे बढ़ाया
- हम गर्व से कह सकते हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से चौथे स्थान पर पहुंच गई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के सिद्धांत और विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक विकसित राष्ट्र की दिशा में तीव्र गति से अग्रसर है। 2014 के बाद भारत ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' संकल्प में हरियाणा अग्रणी भूमिका निभाते हुए केंद्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढेगा। मुख्यमंत्री शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री के जन्मदिन कार्यक्रम में पहुंचे और जींद में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने अग्रसेन धर्मशाला का उद्घाटन तथा नंदी एवं कामधेनु गोशाला का भूमि पूजन किया। धर्मशाला के लिए 31 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश ने वैश्विक स्तर पर अपनी एक सशक्त पहचान बनाई है। पीएम का यह दृढ़ विश्वास रहा है कि भारत एक दिन आर्थिक महाशक्ति बनेगा, और आज हम गर्व से कह सकते हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से चौथे स्थान पर पहुंच गई है, विकास की यह यात्रा पीएम के नेतृत्व में ही संभव हो सकी है और आने वाले समय में निश्चित तौर पर भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।






चंडीगढ़। मुख्यमंत्री जुलाना में महाराजा अग्रसेन धर्मशाला के उद्घाटन समारोह मं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए। दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता जन्मदिन पर केक काटती हुई। फोटोः हरिभूमि

### आप फलें, पूरे हरियाणा का आशीर्वाद आपके साथ

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने सीएम बनने के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव नंदगढ़ में जन्मदिन मनाया। शनिवार को गांव में 49 साल बाद आई रेखा गुप्ता का जन्मदिन ही नही मनाया इस मौके पर हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आप फलें, पूरे हरियाणा का आर्शीवाद आपके साथ है। कहा, हमारे हरियाणा की संस्कृति है कि बेटी को आर्शीवाद देकर भेजते हैं, धन्यवाद नही करवाते हैं। आप फलें यह हरियाणा का आर्शीवाद आपके साथ है। वहीं मंच से रेखा गुप्ता ने कहा कि दोनों प्रदेशों में भाई बहन की जोड़ी विकास का धुआं उठाएगी।

### 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारों के पास देश के विकास का कोई स्पष्ट एजेंडा नहीं था, वे कुछ और ही एजेंडे पर काम करते थे। जबकि आज की सरकार का एकमात्र लक्ष्य 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' संकल्प में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ योगदान करेगा। महाराजा अग्रसेन को नमन करते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि अग्रसेन धर्मशाला का निर्माण केवल सीमेंट-कंकरीट से बनी एक इमारत नहीं है, यह महाराजा अग्रसेन जी के उन महान आदर्शों और सिद्धांतों का जीता-जागता प्रतीक है, जिन्होंने हजारों वर्ष पूर्व समाज को एक नई दिशा दी थी। महाराजा अग्रसेन जी धर्म, सेवा व समरसता के सच्चे ध्वजवाहक थे। उन्होने 'एक ईंट और एक रुपया' का जो सिद्धांत दिया, वह समाजवाद और सामाजिक समरसता का दुनिया का सबसे पहला और सबसे सफल सूत्र था।

### दिल्ली की सीएम जनसेवा का कार्य कर रही

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा के साथ जुड़कर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जनसेवा का कार्य कर रही हैं। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्रीमती रेखा गुप्ता साधारण परिवार से संबंध रखती हैं, और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा के साथ जुड़कर जनसेवा का कार्य कर रही हैं। उनका पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा है और राष्ट्र के लिए इन्होंने लगातार काम किया है। श्रीमती रेखा गुप्ता की सोच, उनकी नीति और नियत यही है कि दिल्ली विकास की नई ऊंचाइयों को छुए। उन्होंने विश्वास दिलाया कि 'विकसित भारत' की यात्रा में हरियाणा और दिल्ली सरकारें मजबूती से आगे बढ़ेंगी।

## दोनों भाई बहन मिलकर विकास का धुआं ठा देंगेः रेखा गुप्ता

**दिल्ली हमारी कर्म भूमि है, हरियाणा जन्मभूमि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जींद में स्थित पैतृक गांव नंदगढ़ में बर्थडे मनाया। उन्होंने मंच पर केक काटा। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें चांदी का मुकुट पहनाया। वहीं डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा, मंत्री कृष्ण बेदी और विधायक रामकुमार गौतम ने उन्हें कोथली दी। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा दोनों भाई बहन मिलकर विकास का धुंआ ठा देंगे। इस मौके पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि जब वो 1994-95 में दिल्ली विश्वविद्यालय का चुनाव लड़ा तो पूरे नंदगढ़ गांव में रूक्का मच गया कि जयभगवान की छौरी इलेक्शन में उठ रही है। यह कौन से इलेक्शन हैं, कॉलेज के। उनकी मां बहुत नाराज थी। पिता जी व ताऊ जी बोले की ठीक है, लड़ना चाहिए अगर पार्टी बोल रही है तो। मां कहती थी कि बिगाडोगे तुम लड़की को। देख लेना जूते घिस जाएंगे। ब्याह कौन करेगा लड़की से। आपको नहीं पता कि कितनी डांट खा कर आगे बढ़ी हूं। पहला चुनाव, दूसरा चुनाव। डांटने के बाद फिर मां कहती भी थी कि रोटी खाले, कपड़े भी प्रेस कर देती थी। ऐसे ही लड़ते-लड़ते दो विश्वविद्यालय के चुनाव, तीन विधानसभा के चुनाव लड़े। उन्होंने आठ चुनाव लड़े और उन्हें खुशी है कि उन्हें समाज का, परिवार का भरपूर साथ मिला। जहां भी वो जाती थी, उससे पहले फोन आ जाते थे। हरियाणा का एक-एक व्यक्ति ने उनके हर चुनाव में उनका सहयोग किया। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता शनिवार को जुलाना में अपने जन्मदिन पर आयोजित जन्मदिन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि इंदिरा गांधी पार्टी की अध्यक्ष रही, देश की प्रधान मंत्री रही, परंतु कभी अपने अलावा किसी को आगे बढने नही दिया। आज साधारण व्यक्ति भी बड़े सपने देख सकता है। काम कर सकता है। उसे पूरा मौका भाजपा नेतृत्व देता है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि हरियाणा के सीएम नायब सैनी बता रहे थे कि वो कंप्यूटर आप्रेटर का काम करते थे। एक साधारण से परिवार के बेटी जिसकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नही थी। आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसी राज्य के सर्वोच्च पद पर आसीन है। यह भाजपा और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। आज देश की हर बेटी यह सपना देख सकती है कि मेरा भी भविष्य कुछ ऐसा हो सकता है जब वो देश चलाने में अपनी भूमिका अदा करें, निर्णय में सहभागिता करें।

## बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान

**शेष मतदाताओं से 25 तक गणना प्रपत्र भरने एवं दस्तावेज उपलब्ध कराने की अपील**

- अभियान के अंतर्गत 24 जून तक कुल 7,89,69,844 मतदाताओं में से अब तक 6,99,92,926 मतदाताओं (88 .65%) से गणना प्रपत्र प्राप्त किए जा चुके

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़




चंडीगढ़ बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत 24 जून, 2025 की स्थिति में कुल 7,89,69,844 मतदाताओं में से अब तक 6,99,92,926 मतदाताओं (88.65%) से गणना प्रपत्र प्राप्त किए जा चुके हैं। भारत निर्वाचन आयोग की दिनांक 16 जुलाई के प्रेस विज्ञप्ति के आलोक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में केवल 6.85% (54,07,483) मतदाता शेष हैं, जिनसे अगले 9 दिनों के भीतर, यानी 25 जुलाई, 2025 तक, गणना प्रपत्र प्राप्त किए जाने हैं। संभव है कि इनमें से कई निर्वाचक अस्थायी रूप से बिहार के बाहर निवासरत है जो ऑनलाइन माध्यम अथवा परिवार के सदस्यों के सहयोग से गणना प्रपत्र भर सकते है। अब तक 6,47,24,300 (81.96%) प्रपत्र अपलोड भी किए जा चुके है। प्रारूप निर्वाचक नामावली 01 अगस्त, 2025 को प्रकाशित की जाएगी और दावा-आपत्ति की अवधि 01 अगस्त, 2025 से 01 सितंबर, 2025 तक निर्धारित है। बिहार से बाहर अस्थायी रूप से निवासरत मतदाता भी अपने मोबाइल फोन, वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन गणना प्रपत्र स्वयं भर सकते हैं। इसके अलावा वे प्री-फिल्ड फॉर्म डाउनलोड कर हस्ताक्षरित प्रति को व्हाट्सएप, ईमेल या अन्य माध्यम से बीएलओ तक भेज सकते हैं, या परिवार के सदस्य के माध्यम से बीएलओ को प्रेषित कर सकते हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण में गणना प्रपत्र भरने हेतु निम्न 11 दस्तावेजों में से कोई भी संलग्न किया जा सकता हैं। इनमें किसी भी केन्द्रीय/राज्य सरकार / पीएसयू के नियमित कर्मचारी / पेंशनधारी को जारी पहचान पत्र या पीपीओ, एक जुलाई 987 से पूर्व भारत में किसी सरकारी/स्थानीय निकाय/ बैंक/ डाकघर/ एलआईसी/ पीएसयू द्वारा जारी कोई दस्तावेज, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय द्वारा जारी शैक्षणिक प्रमाणपत्र, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र, नागरिकों का राष्ट्रीय रजिस्टर है।

**हरियाणा के नए गवर्नर प्रो. अशीम कुमार घोष राजभवन पहुंचे**

## मैं मुख्यमंत्री की प्रगतिशील पहलों का समर्थन करने के लिए आया हूं

- 21 को शपथ ग्रहण समारोह बंडारू दत्तात्रेय की जगह लेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मनोनीत राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष आज हरियाणा राजभवन पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. घोष ने कहा कि वे पश्चिम बंगाल से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रगतिशील पहलों को समर्थन और प्रोत्साहन देने आए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ मिलकर हरियाणा में समाज के गरीब और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए काम करेंगे। विपक्ष को धैर्यपूर्वक सुनने और उनके विचारों और दृष्टिकोणों को समझने की भी उनकी महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वे यह सुनिश्चित करेंगे कि मुख्यमंत्री को विपक्ष के विचारों से अवगत कराया जाए। इससे पहले, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ हरियाणा राजभवन में मनोनीत राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष का स्वागत किया। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी सहित राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। केंद्र सरकार ने हाल ही में दत्तात्रेय का कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रो. अशीम कुमार घोष को हरियाणा का राज्यपाल नियुक्त किया है।



चंडीगढ़। हरियाणा के नए गवर्नर प्रो. अशीम कुमार घोष का राजभवन पहुंचने पर स्वागत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटोः हरिभूमि

### सोमवार को शपथ लेंगे हरियाणा के नए राज्यपाल

- नए राज्यपाल के स्वागत के लिए राजभवन तैयार
- विपक्ष के भी रचनात्मक सुझावों को सुना जाएगा

हरियाणा के नए राज्यपाल असीम कुमार घोष राजभवन पहुंच गए और सोमवार को यहीं पर शपथ ग्रहण होगा। राजभवन को नए राज्यपाल के स्वागत के लिए तैयार किया गया है, साथ ही शपथ ग्रहण को लेकर तैयारी की जा रही है। 19 वें राज्यपाल के तौर पर शपथ लेने वाले घोष पूर्व में पश्चिम बंगाल में भाजपा अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने साफ कर दिया है कि हरियाणा के हितों और जनता के कल्याण के लिए आगे बढ़कर काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष के भी रचनात्मक सुझावों को सुना जाएगा।

**सरकार खेलों को बढ़ावा देने को प्रतिबद्ध**

## विभिन्न खेलों के कोचों के लिए 3.66 करोड़ के कैश अवार्ड के आदेश पारित

- ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को 7 करोड़, रजत पदक वाले को 5 करोड़ और कांस्य पदक वाले खिलाड़ी को 3 करोड़ का दिया जाता है अवार्ड

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा की खेल नीति देश में सबसे बेहतरीन है। इसी का परिणाम है कि हमारे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सबसे ज्यादा पदक जीत कर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। इन खिलाड़ियों को तैयार करने में कोचों का विशेष योगदान होता है। सरकार कोचों का पूरा मान सम्मान करती है। इसी कड़ी में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों के 31 कोचों के लिए 3.66 करोड़ रुपये के कैश अवार्ड पारित कर दिए हैं। इन्हें जल्द ही अवार्ड की राशि मिल जाएगी। अन्य कोचों और खिलाड़ियों को भी जल्द ही कैश अवार्ड दिए जाएंगे। खेल मंत्री गौरव गौतम ने प्रदेश के कोचों का आह्वान किया है कि वो और लगन व मेहनत से खिलाड़ियों का अभ्यास करवाएं, ताकि खिलाड़ी देश के लिए और पदक जीत सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से हाल ही में 4 पैरा एशियन गेम्स 2022 में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए कैश अवार्ड की करीब 32 करोड़ रुपए की जारी राशि की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को 7 करोड़, रजत पदक वाले को 5 करोड़ और कांस्य पदक वाले खिलाड़ी को 3 करोड रुपए का अवार्ड दिया जाता है।

**कुरुक्षेत्र में इनेलो का प्रशिक्षण शिविर संपन्न**

## सरकार बनने पर एसवाईएल का पानी पंजाब लेकर रहेंगेः अभय चौटाला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



शनिवार को इनेलो का तीसरा प्रशिक्षण शिविर कुरुक्षेत्र में पाल प्लाजा में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य संगठन में जिन नए लोगों को शामिल किया है उनको नई जिम्मेवारी से अवगत करवाना है। कैसे संगठन को आगे लेकर जाना है, संगठन में किस की क्या जिम्मेवारी है उसके लिए प्रशिक्षण शिविर लगाए गए हैं। इससे पहले 5 जुलाई को हिसार जोन और 11 जुलाई को गुरूग्राम जोन में भी सफल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा चुका है। हरियाणा को तीन जोन में बांटा है। गुरुग्राम जोन जिसमें 8 जिले हैं, हिसार जोन और अंबाला जोन में 7-7 जिले हैं। इस प्रशिक्षण शिविर में इनेलो के यूथ, महिला, कर्मचारी, अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, किसान, खेल, अल्पसंख्यक, व्यापार समेत 17 प्रकोष्ठों के संयोजक भी प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। बैठक के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए चौ. अभय सिंह चौटाला ने कहा कि 29 जुलाई को कैथल में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक करेंगे जिसमें आने वाले समय की रूपरेखा तैयार की जाएगी। एसवाईएल पर पूछे गए सवाल पर कहा कि हमारी सरकार आने पर पंजावब से एसवाईएल को लेकर रहेंगे।

### मातृ वन अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएंः राव नरबीर सिंह

- अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट के तहत गुरुग्राम में 27 को आयोजित होने वाले मातृ वन अभियान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट के तहत गुरुग्राम जिला में 27 जुलाई को आयोजित होने वाले मातृ वन अभियान में जिला की सभी आरडब्ल्यूए सहित आस-पास के जिलों की सामाजिक, धार्मिक, शिक्षण व अन्य संस्थाओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इस विशेष अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव तथा केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। राव नरबीर सिंह ने कहा कि यह अभियान अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट के तहत संचालित किया जाएगा।

**उत्तराखंड की तर्ज पर हरियाणा सरकार का बड़ा फैसला**

## हरियाणा के बच्चे भी सुबह स्कूलों में प्रार्थना के वक्त गीता श्लोक सुनेंगे

- इस फैसले में कोई बुराई नहीं है इससे युवा पीढ़ी को संस्कारी बनाने में मदद मिलेगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

उत्तराखंड सरकार की तर्ज पर हरियाणा सरकार ने अपने स्कूलों में नया नियम लागू कर दिया है, जिसमें अब बच्चे सुबह की प्रार्थना में गीता के श्लोक बोलेंगे। प्रदेश में विपक्षी पार्टी अभी से बयानबाजी और हमलावर दिखाई दे रही हैं.।

हालांकि नियम की शुरुआत 17 जुलाई 2025 से करने के आदेश पूर्व में जारी किए जा चुके हैं। बताया जा रहा है कि इसका उद्देश्य छात्रों में आध्यात्मिक और नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देना है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने सभी स्कूलों के लिए निर्देश जारी किए हैं कि वे सुबह की प्रार्थना सभा में श्रीमद्भागवत गीता के श्लोकों का पाठ करें।

**नियम की विशेषताएंः** गीता के श्लोकों का पाठः स्कूलों में अब सुबह की प्रार्थना सभा की शुरुआत श्रीमद्भगवद्गीता के एक श्लोक के पाठ से होगी।

**आध्यात्मिक और नैतिक शिक्षा** इस पहल का उद्देश्य छात्रों में आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों को विकसित करना है।

**नई पीढ़ी की समझ** गीता के श्लोकों को पढ़ने से छात्रों में जीवन मूल्यों की समझ विकसित होगी और वे आदर्श मूल्यों को अपनाते हुए देश के विकास में योगदान करेंगे। इससे पहल को उत्तराखंड सरकार की इसी तरह की पहल से प्रेरणा मिली है, जहां सरकारी स्कूलों में छात्रों को रोजाना गीता का एक श्लोक अर्थ सहित सुनाया जाता है। हरियाणा सरकार की इस पहल का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और दर्शन से जोड़ना है।शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी दिशा निर्देशों में गीता के श्लोक बोलने को लेकर जारी आदेशों के बाद से ही विपक्षी पार्टियों के नेताओं द्वारा दबी जुबान में इस पर सवाल उठाए जा रहे हैं हालांकि पहले उत्तराखंड सरकार की ओर से अपने स्कूलों में गीता के श्लोक बोलने उच्चारण करने के लिए अनिवार्य कर दिया गया था बच्चों को गीता के श्लोक में बताए गए ज्ञान के बारे में समझकार उन्हें अपने जीवन को अच्छा बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है हरियाणा के कुछ प्रिंसिपलों ने कहा कि इस फैसले में कोई बुराई नहीं है इससे युवा पीढ़ी को संस्कारी बनाने में मदद मिलेगी।

## सरकारी स्कूलों में भेजे पैसे पर क्लर्क ने डाला डाका

# रिश्तेदारों के नाम पर 51 फर्जी बिलों से किया एक करोड़ 34 लाख का घोटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले के दो सरकारी स्कूलों में 1.34 करोड़ रुपये के गबन का मामला सामने आया है। 51 फर्जी बिल लगाकर किया गया यह गबन किया गया। लिपिक ने फर्जी बिल तैयार कर अपने परिचितों के बैंक खातों में ई-सेलरी पोर्टल के माध्यम से भुगतान की रकम ट्रांसफर कर दी। संदेह होने पर स्कूल की प्रधानाचार्य पुराने आडिट का मिलान किया तो पूरा मामला उजागर हो गया। लिपिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। आरोपित लिपिक अब डाइट संस्थान में कार्यरत है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों को नामजद करते हुए विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव अकबरपुर बारोटा में स्थित पीएमश्री मॉडल संस्कृति स्कूल में तैनात रहे लिपिक मनोज आनंद पर गबन का आरोप है। पीएमश्री मॉडल संस्कृति स्कूल की प्राचार्य भारती ने पुलिस को बताया की स्कूल में तैनात लिपिक मनोज आनंद स्कूल से तबादला होकर डाइट संस्थान में गए थे। इसी दौरान छतेहरा बहादुरपुर स्कूल में इंचार्ज शिवराज 31 मई को सेवानिवृत्त हो गए। उसके बाद उनकी डीडी पावर भी भारती को मिल गई। इस बीच स्कूल में तैनात क्लर्क को मनोज आनंद ने बताया कि उन्होंने सेवानिवृत्त इंचार्ज शिवराज का लीव इन कैशमेंट का बिल बना दिया था। उसे खजाना कार्यालय में भेजकर पास करा देना। जिस पर क्लर्क ने विश्वास में आकर उसे भेज दिया। बाद में पता लगा कि बिल शिवराज के नाम से नहीं किसी महेंद्र मलिक के नाम से बनाया गया है। उस नाम का कोई व्यक्ति उनके स्कूल में कार्यरत नहीं था। इस पर लिपिक मंजीत से छतेहरा बहादुरपुर का पोर्टल खुलवाया तो पाया कि एक लीव इनकैशमेंट का बिल महेंद्र मलिक नामक व्यक्ति के नाम से जनरेट किया गया है, जिसकी कुल राशि नौ लाख नौ हजार थी। यहीं से पूरा मामला खुलता चला गया। इसके बाद जब मामले में पता किया गया तो पीएमश्री वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में 20 फर्जी बिल मिले और 32 लाख का घोटाला सामने आया। इसके अलावा सोनीपत के गांव छतेहरा बहादुरपुर के सरकारी स्कूल में 31 फर्जी बिल बनाए गए और एक करोड़ 2 लाख का गबन किया गया था। विभागीय जांच में परत दर परत मामला खुलता गया। लिपिक मनोज आनंद ने ई-सेलरी पोर्टल के माध्यम से कुल 51 फर्जी बिलों का भुगतान किया। जिन खातों में भुगतान की रकम ट्रांसफर हुई वह सभी लिपिक के रिश्तेदार एवं करीबी लोगों के हैं। प्रधानाचार्य भारती ने पूरी रिपोर्ट बेसिक शिक्षा अधिकारी को दी। शुक्रवार को इसकी शिकायत कुंडली थाना पुलिस को दी गई है। कुंडली थाना पुलिस लिपिक मनोज आनंद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- स्कूल की प्रधानाचार्या ने संदेह होने पर पुराने ऑडिट का मिलान किया तो उजागर हुआ मामला




### चार साल से चल रहा था खेल

फर्जी बिलों से भुगतान का खेल चार साल से चल रहा रहा था। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में आय व्यय का मिलान होता है, लेकिन इसके बाद भी स्कूलों में फर्जीबाड़ा चलता रहा। महिमा, दिव्या, निशांत अरोड़ा, भूपेन्द्र कुमार, तृप्ता, संजय कुमार, पूनम और कृष्णा के बैंक खातों में फर्जी बिलों के भुगतान की धनराशि ऑनलाइन ट्रांसफर की गई। अकबरपुर बारोटा स्कूल में भी 20 फर्जी सेलरी एरियर बिल बनाए गए और 32 लाख 96 हजार 909 रुपये की सरकारी रकम का गबन किया गया।

### शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज

*प्राचार्य की ओर से शिकायत दी गई है कि तत्कालीन लिपिक ने गबन किया है। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।*
*-रविंद्र कुमार, पुलिस प्रवक्ता, सोनीपत*

### रिकार्ड की जांच की गई

*लाखों रुपये के भुगतान का संदेह होने के बाद रिकार्ड की जांच की गई, नौ लाख रुपये के फर्जी बिलों का भुगतान खजाना अधिकारी को सूचना देकर रुकवा दिया गया है।*
*-भारती, प्रधानाचार्य पीएमश्री मॉडल संस्कृति स्कूल*

# टोहाना : नशे में धुत्त क्रेटा चालक का हंगामा, बाइक-पिकअप में मारी टक्कर

- लोगों ने पीछा कर युवक को पकड़कर शहर थाना पुलिस के हवाले कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

शहर में शुक्रवार देर रात नशे में धुत्त क्रेटा गाड़ी चालक ने जमकर आतंक मचाया। युवक ने अपनी गाड़ी को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए पहले एक मोटरसाइकिल में टक्कर मारी वहीं तीन सांडों को भी टक्कर मारकर घायल कर दिया। बाद में चंडीगढ़ रोड पर तेजगति गाड़ी ने एक पिकअप गाड़ी में टक्कर मारी। लोगों ने पीछा कर युवक को पकड़ लिया और शहर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। युवक शहर के एक समाजसेवी का बेटा बताया गया है।

समाजसेवी के राजनीतिक लोगों के साथ भी घनिष्ठ संबंध हैं। हालांकि, पुलिस को अब तक सिर्फ एक घायल ने ही शिकायत दी है। युवक की मां को भी चोट लगी, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। 28 वर्षीय अभिषेक नामक युवक हिसार रोड से क्रेटा गाड़ी में अपने घर की ओर जा रहा था। युवक के साथ उसकी मां भी कार में थी। युवक ने शराब पी हुई थी। कृष्णा कॉलोनी निवासी जयसिंह ने शहर थाना पुलिस को शिकायत देकर अभिषेक पर उसकी बाइक को कार से टक्कर मारने और उसे घायल करने के आरोप लगाए हैं। इस घटनाक्रम के बाद शहरवासी आरोपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर शहर थाना पहुंचे। देर रात को ही शिकायत दी गई। शहर थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि मामले में पुलिस जांच कर रही है। जांच के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।


टोहाना। पिकअप से टकराई क्रेटा गाड़ी।

### गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त

कैंची चौक से लेकर चंडीगढ़ रोड तक युवक ने अपनी क्रेटा कार से कई लोगों को चोट पहुंचाने की कोशिश की। युवक की हरकत देखकर कैंची चौक से ही लोग उसकी कार के पीछे दौडने लगे। आखिर में उसने चंडीगढ़ रोड पर पिकअप में टक्कर मार दी। तब जाकर उसकी कार रुकी। इसके बाद लोगों ने उसे पकड़ लिया। इस घटनाक्रम में युवक की गाड़ी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, इस मामले में पुलिस के पास शिकायत लेकर एक ही शख्स पहुंचा है।

## गोहाना में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से गैस सेवा प्रभावित

- एक कंपनी द्वारा 5जी के लिए पाइप लाइन बिछाने के दौरान गैस की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त

**गोहाना।** शनिवार को शहर में रोहतक रोड स्थित बस स्टैंड के निकट रसोई गैस की पाइपलाइन कट गई। एक कंपनी द्वारा 5जी के लिए पाइप लाइन बिछाने के दौरान गैस की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई। एचपीसीएल द्वारा शहर में पाइप्ड नैचुरल गैस की सप्लाई दी जाती है। लगभग 2,200 कनेक्शन चालू हैं। एक नेटवर्क एजेंसी द्वारा शहर में 5जी की सेवाएं चालू करने के लिए काम करवाया जा रहा है। नेटवर्क एजेंसी की टीम द्वारा रोहतक रोड स्थित बस स्टैंड के निकट काम कराया जा रहा है। यहां पर पाइप लाइन दबाई जा रही है। पीएनजी की सप्लाई के लिए एजेंसी ने शहर में लगभग दो मीटर गहराई पर पाइप लाइन बिछाई गई है। 5जी की भूमिगत लाइन बिछाने के लिए काम कराया जा रहा था। शनिवार सुबह छह बजे पीएनजी सप्लाई की मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे शहर में गैस सप्लाई आठ बजे तक बंद हो गई। एजेंसी ने क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत शुरू कराई। मरम्मत कार्य दोपहर लगभग तीन बजे तक

# नशा के बाद दोस्तों में हुआ झगड़ा घायल ने अस्पताल में तोड़ा दम

- मृतक नवीन राजस्थान के पीपली का रहने वाला था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

शुक्रवार देर रात शहर के लोको कॉलोनी के पास जनस्वास्थ्य विभाग के बूस्टिंग स्टेशन के बरामदे बैठकर नशा कर रहे दो दोस्तों में हुए झगड़े में एक दोस्त की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना के बाद देर रात को लोहारू थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और घायल युवक को गंभीर अवस्था में लोहारू के सीएचसी में दाखिल कराया गया। जहां से उसे भिवानी रेफर कर दिया गया। भिवानी में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक युवक नवीन की चचेरे भाई की शिकायत पर लोहारू थाना पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। सूचना के बाद डीएसपी संजीव कुमार व थाना प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि लोको कॉलोनी के पास बने बूस्टिंग स्टेशन के बरामदे में चार दोस्त नशा आदि कर रहे थे। दो दोस्त वहां से चले गए थे तथा नवीन और राकेश वहीं बैठे रहे। बाद में दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। जिसमें राजस्थान के पीपली निवासी 30 वर्षीय नवीन गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि नवीन के चचेरे भाई प्रदीप ने बताया कि उसका चचेरा भाई नवीन दो-तीन दिन पहले घर से आया था। उसे सूचना मिली कि उसके दोस्त राकेश ने नवीन पर हमला कर दिया है। अस्पताल में पहुंचे तो उसकी मौत हो चुकी है।

### बेरहमी से हमला किया गया था

थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक नवीन के चचेरे भाई प्रदीप की शिकायत पर राकेश नाम युवक पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना स्थल पर लोहे के पाइप और काफी मात्रा में खून के धब्बे पड़े हुए थे। जिससे जाहिर होता है कि बेरहमी से नवीन पर हमला किया गया था। एफएसएल की टीम को बुलाकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए हैं। डीएसपी संजीव कुमार ने भी घटनास्थल का दौरा किया तथा मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की।

# फरीदाबाद में नाबालिग से रेप के दोषी को 20 साल की सजा

- लड़की के परिवार में आना-जाना था, तबीयत बिगड़ने पर खुलासा

**फरीदाबाद।** नाबालिग से रेप के आरोपी युवक को कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हेमराज मित्तल की कोर्ट ने 29 वर्षीय साजिद पर 60 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। आरोपी का पीड़िता के परिवार में आना-जाना था। पीड़िता 14 वर्षीय लडक़ी चौथी कक्षा की छात्रा है। वह अपने माता-पिता व चार भाई-बहनों के साथ एनआईटी क्षेत्र में रहती है। आरोपी साजिद भी पास ही रहता था और एक निजी कंपनी में वेल्डिंग का कार्य करता है। वह पीड़िता के परिवार से परिचित था और अक्सर उनके घर आता.जाता था। मामला तब सामने आया जब बच्ची की तबीयत खराब होने पर परिजनों को शक हुआ। पूछताछ में बच्ची ने पूरा घटनाक्रम परिजनों को बतायाए जिसके बाद मामला थाने तक पहुंचा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया और मेडिकल जांच कराई। जांच में पुष्टि होने पर कोर्ट की अनुमति से पीड़िता का गर्भ समापन भी कराया गया। चीफ डिफेंस काउंसिल रविंद्र गुप्ता के अनुसार कोर्ट ने सभी तथ्यों और साक्ष्यों को देखते हुए आरोपी को दोषी करार दिया और 20 वर्ष की सजा के साथ आर्थिक दंड भी सुनाया। यह फैसला नाबालिगों की सुरक्षा और न्याय की दिशा में एक मजबूत संदेश है।


# कमरे में सो रही छह साल की बच्ची को सांप ने काटा, पीजीआई में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र के गांव बैंयापुर गांव में कमरे में सो रही छह साल की बच्ची को कथित सांप के काटे जाने का मामला सामने आया है। परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में पहुंचने पर बच्ची ने दम तोड़ दिया।

मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। यूपी हाल में गांव बैंयापुर निवासी इश्तेकार ने बताया कि देर शाम को सभी खाना-खाकर सो गए। सुबह उसकी बेटी अनाया (6) रोने लगी। उसने बताया कि किसी उसे चक्कर आ रहे है। उसके मुंह से पानी गिरने लगा। वह उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे।

जहां चिकित्सक ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जानकारी मिली कि पीजीआई में पहुंचने पर बच्ची ने दम तोड़ दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सदर थाना सोनीपत पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने विसरा सैंपल लिए है। जिन्हें जांच के लिए लैब में भेजा जायेगा। रिपोर्ट आने पर ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।



- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा
- पुलिस ने विसरा सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा, रिपोर्ट में होगा मौत के सही कारणों का खुलासा

# रजिस्ट्री के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोपित पूर्व तहसीलदार को भेजा जेल

**कैथल।** रजिस्ट्री के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोप में गुहला के पूर्व तहसीलदार मंजीत मलिक को गिरफ्तार करने के बाद एसीबी अंबाला की टीम ने शनिवार को जूनियर मजिस्ट्रेट डॉ. तुषार शर्मा की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। एसीबी की शुरूआती में जांच में सामने आया है कि आरोपी गिरफ्तारी से भय से पांच माह से दूसरे प्रदेशों में घूम रहा था। जैसे ही उसे एसीबी के दबिश देने की भनक लगी तो वह वापस कैथल आया, लेकिन यह आने के बाद वह दोबारा भाग नहीं पाया। वह एसीबी के हत्थे चढ़ा और गिरफ्तार हो गया। एसीबी के सामने यह बातें सामने आई थी कि वह विदेश भाग गया है, लेकिन ऐसा नहीं था। इस पूरे मामले की जांच एसीबी अंबाला मुकेश जाखड़ के नेतृत्व में की जा रही है।


कैथल। एसीबी द्वारा काबू किया गया पूर्व तहसीलदार गुहला मनजीत सिंह।

पूरे मामले की जांच एसीबी अंबाला के नेतृत्व में की जा रही

### पांच माह से राज्य से बाहर घूम रहा था

मामले की जांच कर रहे अंबाला एसीबी के डीएसपी मुकेश जाखड़ ने बताया कि फरार चल रहे गुहला के पूर्व तहसीलदार को शनिवार बाद दोपहर अदालत में पेश किया गया है। यहां अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी तहसीलदार पिछले पांच माह से राज्य से बाहर घूम रहा था। इस मामले में उनकी जांच लगातार जारी है।

**यह है पूरा मामला:** इस मामले में चीका निवासी विजय ने एसीबी को शिकायत दी थी कि उसने अमर सिटी कॉलोनी चीका में 151 गज का प्लाट खरीदा था। इसकी रजिस्ट्री वह अपनी भाभी के नाम करवाने के लिए पूर्व तहसीलदार मंजीत मलिक से मिला। उसने उसको तहसील कार्यालय में कार्यरत रजिस्ट्री क्लर्क प्रदीप से मिलने के लिए कहा। जब वह आरोपी प्रदीप कुमार, रजिस्ट्री क्लर्क तहसील गुहला जिला कैथल से मिला तो आरोपी ने उससे 10 हजार रिश्वत की मांग की। फरवरी में शिकायतकर्ता से 10 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद पूछताछ में उसने तहसीलदार मंजीत मलिक के इस मामले में शामिल होने की जानकारी दी थी। अब तहसीलदार को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## कैथल में कार ने बाइक को मारी टक्कर, मौत




**कैथल।** कैथल के अंबाला रोड पर जन्नत होटल के निकट एक गाड़ी की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। गांव मंझौली के गुरप्रीत सिंह ने सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 जुलाई को वह अपने दोस्त जगतार के साथ बाइक पर सवार होकर गांव कवारतन के जन्नत होटल के निकट से जा रहा था तो एक गाड़ी चालक ने गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में वे दोनों बुरी तरह से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां पर जगतार ने दम तोड़ दिया।

# राजस्थान ले जाने के लिए रखा था पेट्रोल डीजल, पुलिस को तेल से भरे 12 ड्रम मिले

- राजस्थान में महंगे दामों पर बेचने का धंधा लंबे समय से चल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

करनावास तेल डिपो से निकलने वाले टैंकरों से चोरी करने के बाद उसे राजस्थान बेचने का धंधा लगातार चल रहा है। इसी कड़ी में थाना मॉडल टाउन पुलिस ने गुजरीवास-ड्योढई मार्ग पर एक कोटड़े से पेट्रोल व डीजल से भरे 12 ड्रम बरामद किए हैं। पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

### खेत मे बने कोटडे में मिला

पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव कमालपुर से गुजरीवास-ड्योढई रास्ते पर खेत मे बने कोटडे के पास राजस्थान में महंगे दामों पर बेचने के लिए डीजल- पेट्रोल से भरे हुए 12 ड्रम रखे हुए है। इस सूचना पर पुलिस खाद्य आपूर्ति विभाग से निरीक्षक मुकेश को साथ लेकर मौके पर पहुंच गई।

वहां से 2 बड़े लोहे के ड्रम, एक प्लास्टिक ड्रम व 9 छोटे प्लास्टिक के ड्रम में करीब 700 लीटर पट्रोल व 200 लीटर डीजल बरामद किए हैं। मौके पर तेल का कोई मालिक नहीं मिला। खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक ने मौके पर ही पेट्रोल व डीजल की सैंपल लिए। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू की है। पुलिस ने आरोपी का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी।

इस एरिया में टैंकरों से तेल चोरी करने के बाद उसे राजस्थान में महंगे दामों पर बेचने का धंधा लंबे समय से चल रहा है।


रेवाड़ी। कोठड़े से बरामद किए गए तेल से भरे ड्रम। फोटो : हरिभूमि


फरीदाबाद। बल्लभगढ़ स्थित इसी स्थान पर हुआ था हादसा।

### जेवर एक्स.वे पर शटरिंग का काम कर रहे दो मजदूर गिरे, एक मरा, दूसरा घायल

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद को गौतमबुद्धनगर स्थित इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर से जोडऩे के लिए बनाए जा रहे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे पर शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। इस घटना गांव मोहना के पास निर्माणाधीन इंटरचेंज पर हुई, जहां दो मजदूर पिलर पर शटरिंग का काम करते हुए नीचे गिर पड़े। एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर है। 31 किमी लंबा यह एक्सप्रेस वे फरीदाबाद के सेक्टर-65 से शुरू होकर 12 गांवों से गुजरता हुआ जेवर तक पहुंचेगा। एक्सप्रेस वे गांव मोहना के पास केजीपी (कुंडली-मानेसर-पलवल) एक्सप्रेस वे को पार करेगा, जहां एक इंटरचेंज और फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है।

# डबवाली:नहर से कंबल में रस्सी से बंधी लाश मिली

## पंजाब में पानी में बहाकर कर रहे अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

पुलिस को बीते दिवस सुकेराखेड़ा गांव के पास नहर से एक लाश मिलती है। लाश एक कंबल में लपेट कर रस्सी से बांध कर नहर में फेंकी गई थी। अधेड़ उम्र के व्यक्ति की यह लाश लगभग एक सप्ताह पुरानी थी। लाश देखकर पुलिस को शक हो गया कि मामला हत्या का है और इस बाबत जांच शुरू हो गई। फिलहाल लाश को शिनाख्त के लिए अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया और आसपास के इलाके की पुलिस को सूचना दी गई।

इसी बीच जब जांच की जा रही थी तो इस लाश को लेकर पुलिस जांच में एक नई थ्योरी सामने आ गई। डबवाली पुलिस को यह पता चलता है कि यह मामला हत्या नहीं बल्कि परम्परा का है। चौटाला चौकी इंचार्ज आंनद कुमार के मुताबिक पुलिस को पता चला है कि पंजाब के हरिके पतन के पास कुछ लोग इस तरह से अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करते हैं। यहां मृतक को इस तरह कपड़े में लपेटकर नहर में लाश प्रवाहित कर दी जाती है। यह लाश जो डबवाली में मिली है वह भी इसी तरह के संस्कार का हिस्सा है। शव नहर में बहकर डबवाली इलाके में आ गया।

### नई थ्योरी मिली: पुलिस

चौकी इंचार्ज के मुताबिक पुलिस अब इस नई थ्योरी की पड़ताल कर रही है और मामले की जांच के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## 7 जुलाई को जन्मा व 7 जुलाई को ही शहीद हुआ था 17-जाट रेजिमेंट का हवलदार

लड़ाई के दौरान बम की चपेट में आए थे

# कारगिल युद्ध में पाकिस्तानियों को मारने के बाद शहीद हुए थे हरिओम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कारगिल संघर्ष में भारत को जीत दिलाने में बहादुरगढ़ के सैनिकों का योगदान भी यादगार रहा था। गांव खुंगाई के निवासी हवलदार हरिओम धारीवाल का बलिदान भी अविस्मरणीय है। हरियाणा का ये जांबाज सैनिक 7 जुलाई को जन्मा था और 7 जुलाई को ही देश के लिए वीरगति को प्राप्त हुआ था। कारगिल संघर्ष के दौरान मश्कोह घाटी में शहीद हुए भारतीय सेना की 17-जाट रेजिमेंट के हवलदार हरिओम धारीवाल का जन्म 7 जुलाई 1959 को झज्जर जिले के गांव खुंगाई में जाट रेजिमेंट के मेजर चंदराम के घर चलती देवी की कोख से हुआ था। जाट रेजिमेंट की 17वीं बटालियन की एक टुकड़ी 7 जुलाई 1999 की रात दुश्मन को खदेड़ने के लिए मश्कोह घाटी में आगे बढ़ रही थी। इस दौरान गांव खुंगाई के ही निवासी मेजर राजेंद्र दुश्मन की गोली लगने से घायल हो गए। हरिओम ने अपनी कमर पर लादकर उन्हें इलाज के लिए कैंप तक पहुंचाया। फिर दोबारा टुकड़ी में शामिल हो गए। युवा कैप्टन अनुज नैय्यर टुकड़ी की अगुआई कर रहे थे।

दुश्मन की गोली लगने से वे शहीद हो गए। गिरते-गिरते उन्होंने सीनियर हवलदार हरिओम को टुकड़ी का नेतृत्व संभालने के लिए कहा। हरिओम अनुज को बचाव दल के हवाले करके तुरंत आगे बढ़ गए। हरिओम व उनके साथियों ने दुश्मन के लोगों को मौत के घाट उतार दिया था, लेकिन उनका असला खत्म हो गया। इस पर हरिओम अपनी गन को उल्टी पकड़कर दुश्मन के मोर्चे पर टूट पड़े। इस दौरान वह एक बम की चपेट में आ गए। मां भारती का यह रणबांकुरा तिरंगे की लाज बचाते हुए बलिदान हो गया। शहीद हरिओम की पत्नी निर्मला भी एक सड़क हादसे का शिकार हो गई थी। हरिओम की पुत्री ऋतु की शादी सेना में मेजर भावेश के साथ हुई। जबकि बेटा अजय धारीवाल पेट्रोल पंप संभाल रहा है।


बहादुरगढ़। शहीद हरिओम धारीवाल।

### पिता 1965 और 1972 के युद्धों में दी थी सेवा

हरिओम के पिता 1965 और 1972 के युद्धों में देश को अपनी सेवा दे चुके थे। दसवीं कक्षा में पढ़ते हुए हरिओम स्कूल से सीधे सेना मे भर्ती होने के लिए हिसार जा पहुंचे थे। हरिओम 19 जुलाई 1978 को सेना में जवान के तौर पर भर्ती हुए। हरिओम को अप्रैल 1999 में कानपुर से घाटी भेजा गया था।

# पंजाब बार्डर पर सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

## जाखल में पुलिस चेक पोस्ट तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल

पंजाब से सटे जिले के जाखल क्षेत्र में बार्डर पर निगरानी को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जाखल शहर में कड़ेल तिराहे पर सीसीटीवी कैमरों से लैस पुलिस चेक पोस्ट स्थापित की गई है। शनिवार को टोहाना डीएसपी उमेद सिंह और जाखल थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। जल्द ही जिला पुलिस कप्तान सिद्धांत जैन इस चेक पोस्ट का उद्घाटन करेंगे। बता दें कि कड़ेल तिराहा हरियाणा-पंजाब के विभिन्न शहरों को जोडऩे वाले तीन प्रमुख मार्गों का केंद्र बिंदु है। यहां से दिन-रात बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही होती है। सुरक्षा की दृष्टि से यहां चेक पोस्ट की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। चेक पोस्ट पर तीन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। एक कैमरा शहर की तरफ, दूसरा पंजाब की तरफ और तीसरा जाखल, कुला-भुना रोड पर नजर रखेगा। इन कैमरों से संदिग्ध व्यक्तियों और अपराधियों पर निगरानी रखी जाएगी। पूर्व में शहर में चोरी व लूटपाट की घटनाएं हुई हैं। अपराधी वारदात के बाद फरार हो जाते थे। अब पुलिस चेक पोस्ट से आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी। पुलिसकर्मी स्वयं और सीसीटीवी से शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेंगे।



# प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने के लिए फाइल दोबारा खुलवाई जाएगी : आरती

## इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों ने सौंपा ज्ञापन, स्वास्थ्य मंत्री ने दिया आश्वासन

### जल्द इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल की टीम को चंडीगढ़ बुलाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली/महेंद्रगढ़

इलेक्ट्रो होम्योपैथी के चिकित्सकों ने शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से उनके कार्यालय में पहुंचकर मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा और प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने की मांग की। इस मौके पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल के चेयरमैन डॉक्टर विनोद खनगवाल ने बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी के चिकित्सकों ने दो दिन पहले महेंद्रगढ़ के गांव खुडाना में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के अस्पताल पर की गई कार्रवाई के विरोध में और हरियाणा में इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने की मांग करते हुए स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपा है। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने भी आश्वासन दिया कि खुडाना में शिवम अस्पताल एवं एलर्जी चर्म रोग क्लिनिक पर सीएम फ्लाइंग द्वारा की गई छापेमारी की जांच करवाई जाएगी। इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने के लिए फाइल दोबारा खुलवाई करवाई जाएगी। जल्द इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल की टीम को चंडीगढ़ बुलाया जाएगा और मान्यता संबंधि दस्तावेजों की जांच परख कर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**आरती बोलीं, खुडाना में क्लिनिक पर सीएम फ्लाइंग की छापेमारी की भी जांच होगी**

दोन दिन पहले इलेक्ट्रो होम्योपैथी के अस्पताल पर हुई थी छापेमारी डॉक्टर्स ने जताया विरोध



मंडी अटेली। मांगों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### प्रदेश में 20,000 से ज्यादा इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सक

इलेक्ट्रो होम्योपैथी के चिकित्सकों ने स्वास्थ्य मंत्री को दिए ज्ञापन में बताया कि हरियाणा में 20,000 से ज्यादा इलेक्ट्रो होम्योपैथी के चिकित्सक प्रैक्टिस कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार इलेक्ट्रो होम्योपैथी के रिसर्च, प्रैक्टिस एवं शिक्षा के लिए मान्य है। वह सन 2000 से पहले इसकी मान्यता के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वर्ष 2016 में संबंधित स्वास्थ्य मंत्री के आदेश अनुसार इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसलिंग का गठन किया है। तब से लगातार मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के साथ मुलाकात व पत्राचार का दौर जारी है। छह मार्च 2019 में इसकी मान्यता के लिए एक कमेटी भी गठित की गई थी, जिसकी कुछ मीटिंग भी हुई, परंतु कोरोना महामारी के समय संबंधित कुछ अधिकारियों के सेवानिवृत्त होने के कारण आगे की कार्रवाई नहीं पाई। हरियाणा विधानसभा में भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता का मुद्दा कई बार उठा है।

### राजस्थान सरकार दे चुकी मान्यता

वर्ष 2018 में राजस्थान सरकार इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता प्रदान कर चुकी है। अब 2024 की वर्तमान सरकार ने भी बजट सत्र में इसके लिए रिसर्च के 5 करोड़ रुपये की घोषणा की है। हमारे देश के वर्तमान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी विभिन्न कार्यक्रमों में भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी के प्रैक्टिस करने वालों की तारीफ की है। पित्त की थैली की पथरी का इलाज भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी से हुआ है। महाराष्ट्र सरकार ने भी जुलाई 2024 में क्लीनिकल के माध्यम से प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन देने की घोषणा की है। अब हरियाणा सरकार भी विधानसभा में बिल लाकर इस पैथी को मान्यता दे। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने भी आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार दस्तावेजों की जांच कर इस फाइल को दोबारा खुलवाएगी और बिल लाकर मान्यता देने के प्रयास किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### कश्मीर से हस्तनिर्मित उत्पादों का निर्यात 300 करोड़ रुपये से अधिक

**श्रीनगर (भाषा)।** चालू वित्तवर्ष की पहली तिमाही में कश्मीर से हस्तनिर्मित उत्पादों का निर्यात 300 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया, जो पिछले चार वर्षों में सबसे अधिक है। हस्तशिल्प एवं हथकरघा विभाग, कश्मीर के एक अधिकारी ने कहा, ''कश्मीर के प्रसिद्ध शिल्प क्षेत्र को एक बड़ा बढ़ावा देते हुए, चालू वित्तवर्ष की पहली तिमाही में विभिन्न विदेशी गंतव्यों को 309.62 करोड़ रुपये के हस्तनिर्मित उत्पादों का निर्यात किया गया है - जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 126.90 करोड़ रुपये से कहीं अधिक है।

### वेदांता समूह पर रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (पूर्व सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अमेरिकी शॉर्ट सेलर वायसराय रिसर्च की वेदांता समूह पर रिपोर्ट 'विश्वसनीय नहीं' है और कंपनी कानूनी उपाय अपनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। वेदांता समूह ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ की यह टिप्पणी वायसराय रिसर्च रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों के संबंध में उनसे स्वतंत्र कानूनी राय मांगने के बाद आई है। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक पूर्व सीजेआई ने कहा कि वायसराय का सूचीबद्ध कंपनियों में शॉर्ट पोजीशन लेने और फिर अवैध रूप से लाभ कमाने के लिए भ्रामक रिपोर्ट प्रकाशित करने का रिकॉर्ड रहा है।

### बैंक साइबर खतरे के प्रति लचीलापन विकसित करें

**नई दिल्ली (भाषा)।** वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने बैंकों को बढ़ते साइबर खतरों के खिलाफ सुरक्षा मजबूत करने के लिए आगाह किया। उन्होंने पीएनबी मुख्यालय में 'कोड अगेंस्ट मैलवेयर' हैकथॉन के पुरस्कार वितरण समारोह में बैंकिंग क्षेत्र में साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल उभरते डिजिटल खतरों के प्रति लचीलापन विकसित करने के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## अमेरिकी विवि में पढ़ाई से भारतीयों का मोहभंग

# कड़े वीजा नियमों से छात्र संख्या में 70 फीसदी की आई गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*अमेरिका के विश्वविद्यालयों में पढ़ाई से भारतीय छात्रों का मोहभंग हो रहा है। लगातार कड़े हो रहे वीजा नियमों के चलते अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में 70 फीसदी की कमी आई है। विशेषज्ञों का मानना है कि वीजा अप्वाइंमेंट स्लॉट पर लगी रोक और वीजा स्वीकृति में हो रही देरी के चलते यह गिरावट आई है।*


अमेरिका ने हाल ही में वीजा के नियमों में सख्ती की है। इसके बाद अमेरिका जाने से भारतीय छात्रों का मोहभंग होने लगा है। हैदराबाद ओवरसीज कंसल्टेंट के संजीव राय ने एक मीडिया हाउस को बताया कि आमतौर पर इस समय तक अधिकांश छात्र अपने वीजा इंटरव्यू पूरे कर चुके होते हैं और अमेरिका जाने की तैयारी कर रहे होते हैं। इस साल हम अभी भी हर दिन पोर्टल को देख रहे हैं। ताकि कोई स्लॉट खुल जाए। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है।

**ट्रंप सरकार ने हाल ही में वीजा के नियमों में की है सख्ती**

**वीजा अप्वाइंमेंट स्लॉट पर रोक और वीजा स्वीकृति में देरी मुख्य वजह**

### अभी तक पुष्टि पत्र नहीं मिल

विंडो ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंसी के अंकित जैन का कहना है कि जिन छात्रों ने स्लॉट बुक कर लिए हैं, उन्हें अभी तक पुष्टि पत्र नहीं मिल पाया है। बुकिंग कन्फर्म किए बिना स्लॉट खुले रहने का एकमात्र तार्किक कारण यह हो सकता है कि अमेरिका सिस्टम का परीक्षण कर रहा है। आई20 फीवर कंसल्टेंसी के अरविंद मंडुवा ने कहा कि अगले कुछ दिनों में स्लॉट जारी नहीं किए गए, तो हजारों सपने चकनाचूर हो जाएंगे। हम लगभग 80 फीसदी की गिरावट देख रहे हैं। हमें हर दिन छात्रों और उनके अभिभावकों से घबराहट भरे फोन आ रहे हैं।




### दूसरे देशों का रुख कर रहे छात्र

अमेरिका में कड़े वीजा नियमों के चलते भारतीय छात्र दूसरे देशों का रुख कर रहे हैं। एक छात्र ने कहा कि वह अब ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर की पढ़ाई के लिए जर्मनी जाएगा। मैं इंतजार नहीं कर सकता था। मैं एक साल गंवा सकता था। इस समय हालात ठीक नहीं हैं, इसलिए मैंने अपना आवेदन वापस लेने का निर्णय लिया है।

### स्लॉट शुरू हो गए हैं: दूतावास

हैदराबाद स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि स्लॉट फिर से शुरू हो गए हैं। छात्र दूतावास या वेबसाइट पर अप्वाइंटमेंट की उपलब्धता की जांच कर सकते हैं। हम वीजा आवेदकों की पूरी तरह से जांच कर रहे हैं ताकि यह तय हो सके कि उनका इरादा अमेरिका या हमारे हितों को नुकसान पहुंचाने का नहीं है। आवेदक वीजा के लिए अपनी पात्रता को साबित करें, जिसमें यह भी शामिल है कि वे अपने प्रवेश की शर्तों के अनुरूप गतिविधियों में शामिल होने का इरादा रखते हैं। हम आवेदकों को जल्द से जल्द आवेदन करने और इन वीजा श्रेणियों के लिए अतिरिक्त समय की अपेक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

# भारतीय पायलट फेडरेशन ने वॉल स्ट्रीट और रॉयटर्स को भेजा नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अहमदाबाद में 12 जून को हुए विमान हादसे को लेकर विदेशी मीडिया की भ्रामक रिपोर्टिंग पर भारतीय पायलट संघ (एफआईपी) ने आपत्ति जताई है। एफआईपी ने द वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स को कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में दोनों संस्थानों से गलत रिपोर्टिंग के लिए माफी मांगने की मांग की गई है।

भारतीय पायलट संघ (एफआईपी) के अध्यक्ष सीएस रंधावा ने बताया कि हमने कानूनी कार्रवाई शुरू की है। हमने द वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स को उनकी रिपोर्टों पर एक नोटिस भेजा है। हमने उनसे माफी मांगने के लिए कहा है। रॉयटर्स और द वॉल स्ट्रीट जर्नल को भेजे एक ईमेल में, एफआईपी ने कहा कि हमें पता चला है कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया के कुछ वर्ग बार-बार चुनिंदा और असत्यापित रिपोर्टिंग के माध्यम से विमान हादसे का निष्कर्ष निकालने का प्रयास कर रहे हैं। इस हादसे ने जनता को बड़ा सदमा पहुंचाया है। यह भारतीय विमानन उद्योग की सुरक्षा को लेकर, खासकर निराधार तथ्यों के आधार पर जनता में चिंता या आक्रोश पैदा करने का समय नहीं है। बता दें, 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के 32 सेकेंड देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी।

### आधिकारिक पुष्टि के बिना रिपोर्टिंग

एफआईपी ने कहा कि मीडिया संस्थान आधिकारिक पुष्टि और अंतिम रिपोर्ट के बिना ऐसी कोई भी सामग्री प्रकाशित या प्रसारित न करें जिसमें दुर्घटना के कारणों पर अटकलें लगाई गईं हों और मृत पायलटों को दोषी ठहराती हों। इस तरह की अटकलें लगाने वाली सूचनाओ का प्रकाशन बेहद गैर-जिम्मेदाराना है।

### रॉयटर्स से यह कहा गया

कानूनी नोटिस में रॉयटर्स से कहा गया है कि वह 17 जुलाई 2025 को प्रकाशित रिपोर्ट की तुरंत समीक्षा और संशोधन करें। इसमें एक उपयुक्त अस्वीकरण शामिल हो और ऐसी किसी भी सामग्री को हटा दें जिसे दोष देने के रूप में समझा जा सकता है। एफआईपी ने रॉयटर्स को एक स्पष्टीकरण जारी करने के लिए कहा है। इसमें यह स्वीकार किया गया हो कि अधिकारियों ने कोई अंतिम निष्कर्ष जारी नहीं किया है। यह लेख कुछ रिपोर्टों पर आधारित था।

### एनटीएसबी के बयान पर जताई खुशी

भारतीय पायलट संघ के अध्यक्ष कैप्टन सीएस रंधावा ने कहा कि हम एनटीएसबी बोर्ड के बयान से खुश हैं। इससे पश्चिमी मीडिया में चल रही रिपोर्टों पर रोक लगेगी। वे अपनी ही दुनिया में मस्त हैं और सोचते हैं कि वे कुछ भी प्रकाशित करके बच निकल सकते हैं। भारतीय रिपोर्ट बिल्कुल स्पष्ट है। हमें अंतिम रिपोर्ट आने का इंतजार करना होगा।

## सिविल जज भर्ती के लिए सुप्रीम कोर्ट ने दी प्रक्रिया पूरी करने की अनुमति


**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने मप्र सिविल जज (जूनियर डिवीजन, एंट्री लेवल) 2022 भर्ती के तहत इंटरव्यू प्रक्रिया पूरी करने और नतीजे घोषित करने की अनुमति दे दी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चांदूरकर की खंडपीठ ने यह आदेश दिया। हाईकोर्ट की ओर से पेश हुए वकील अश्विनी कुमार दुबे ने तर्क दिया कि दोबारा परीक्षा कराना असंवैधानिक और अव्यावहारिक होगा, जिससे विवाद और बढ़ेंगे। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने यह आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तीन साल की शर्त भविष्य के लिए लागू रहेगी। उल्लेखनीय है कि यह भर्ती प्रक्रिया गत 2 वर्ष से अटकी हुई है। दरअसल,मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 1994 में 23 जून 2023 को संशोधन करके यह शर्त रखी गई थी कि सिविल जज प्रवेश-स्तर की परीक्षा में केवल वही उम्मीदवार बैठ सकते हैं, जिनके पास तीन वर्ष की वकालत का अनुभव हो। इसके बाद दो अभ्यर्थियों ने यह दलील दी कि यदि संशोधित नियम लागू किए जाएं तो वे भी पात्र होंगे। उन्होंने हाईकोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर कर मांग की कि कट-ऑफ की समीक्षा की जाए। इस पर हाईकोर्ट ने इस संशोधित नियम के आधार पर सफल 77 उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया और भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी।

## ट्रंप ने वॉल स्ट्रीट जनरल पर ठोका 10 अरब डॉलर का केस

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जाने-माने अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्लूएसजे), इसके मालिक रूपर्ट मर्डोक, डाउ जोन्स, न्यूज कॉर्प और दो पत्रकारों पर 10 अरब डॉलर का मानहानि का मुकदमा ठोक दिया है। राष्ट्रपति ने कहा है कि इन्होंने गलत इरादे से काम किया जिससे पैसे के साथ ही उनकी इमेज को भी काफी नुकसान पहुंचा है। यह मुकदमा फ्लोरिडा के दक्षिणी जिले की फेडरल कोर्ट में दायर किया गया है। ट्रंप ने खुद ही इस बारे में जानकारी दी और ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा, 'मैं रूपर्ट मर्डोक और उनके 'कूड़े का ढेर' अखबार, डब्लूएसजे के खिलाफ अपने मुकदमे में गवाही देने का इंतजार कर रहा हूं।

**कहा- 'कूड़े का ढेर'**



### यह है मामला

वॉल स्ट्रीट जनरल ने एक रिपोर्ट छापी थी जिसमें उसने कहा था कि 2003 में उस दौरान रियल एस्टेट के बड़े कारोबारी रहे डोनाल्ड ट्रंप ने जैफ्री एपस्टीन को उसके जन्मदिन पर एक लेटर भेजा था। इसमें एक महिला का नग्न चित्र था, ट्रंप का नाम था और कुछ सीक्रेट बातों की ओर इशारा किया गया था। ट्रंप ने डब्लूएसजे की रिपोर्ट को खारिज कर दिया था।

## यूडीएफ की राष्ट्रीय टीम का चयन, डॉ. लक्ष्य मित्तल चेयरपर्सन और डॉ. व्यास राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) ने शनिवार को अपनी राष्ट्रीय कोर कमेटी की घोषणा की है। इस बार टीम में कुछ नए चेहरों को भी शामिल किया गया है। डॉ. लक्ष्य मित्तल को यूडीएफ का चेयरपर्सन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है, जबकि हरियाणा के डॉ. अमित व्यास को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनके अलावा डॉ. अरुण के कुमार को राष्ट्रीय महासचिव, डॉ. मीर वसीम एवं डॉ. राकेश बैनीवाल को राज्य संयुक्त सचिव, जबकि राज्य प्रवक्ता पद पर डॉ. यागिका पारीक और डॉ. भानु कुमार की नियुक्ति की गई है। वहीं, हरियाणा की डॉ खुशबू व्यास को ऐकडेमिक सेल का दायित्व सौंपा गया है। अब यूडीएफ का मुख्य लक्ष्य डॉक्टर्स और मेडिकल छात्रों के अधिकारों, कल्याण, सुरक्षा और सम्मान के लिए और मजबूती से लड़ेगा। वर्ष 2025-26 में मेडिकल समुदाय की सुरक्षा और सम्मान पर खास जोर दिया जाएगा। नई टीम में अनुभवी विशेषज्ञों के साथ समर्पित युवा चिकित्सकों को भी शामिल किया गया है।डॉ. भरत राठौड़ राष्ट्रीय वित्त सचिव बनेराष्ट्रीय वित्त सचिव का दायित्व डॉ. भरत राठौड़ को सौंपा गया है। डॉ अदिति सिंह(सोशल मीडिया सचिव), स्वामी दास (नेशनल आरटीआई सेल हेड), डॉ चारू माथुर एवं सत्यम सिंह राजपूत (लीगल एडवाइजर), तथा डॉ लय पाघदर (दिव्यांगजन सचिव) के नामों की घोषणा की गई है।

### इन्हें भी मिली जिम्मेदारी

डॉ. हर्षित नराणीवाल, डॉ दिवजोत सिंह कालरा और डॉ अक्षय शर्मा को एंटी-रैगिंग सचिव, मेंटल हेल्थ सचिव का दायित्व डॉ प्रशांत शर्मा, डॉ ललित तंवर और डॉ अंशिता छाबड़ा, डॉ कंचन दोचानिया और रिदम को रिसर्च सेल, डॉ अभिनंदना टोकस और डॉ खुशबू व्यास को ऐकडेमिक सेल का दायित्व दिया है। एफएमजी सचिव पद पर डॉ योगेंद्र पाल यादव एवं डॉ वंश चोपड़ा की नियुक्ति हुई है। आईटी सेल डॉ राकेश बैनीवाल और डॉ गोपाल सिंह संभालेंगे। स्टूडेंट विंग सचिव पद पर बातुल फातिमा, अमृत सिंह, आर्यन कंसल और अक्षत तिवारी को नियुक्त किया है।

## एलन रोहतक ने मनाया जेईई-नीट में सफलता का उत्सव टॉपर्स का हुआ सम्मान




**रोहतक।** जेईई-एडवांस्ड और नीट-यूजी के रिजल्ट्स के बाद एलन रोहतक में सफलता का उत्सव मनाया गया। यहां विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं में श्रेष्ठ परिणाम देने वाले एलन रोहतक के स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स के साथ उनके पेरेन्ट्स भी मौजूद रहे। कार्यक्रम कैटलिना होटल, सोनीपत रोड, रोहतक में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाइस प्रेसिडेंट व जोनल हेड सदानंद वाणी रहे। इस अवसर पर जनरल मैनेजर, एडमिन ऑपरेशन जितेन गुप्ता और सेंटर हेड अभिषेक मिश्रा ने एलन रोहतक की उपलब्धियों के बारे में बताया। मुख्य अतिथि सदानंद वाणी ने सभी सम्मान प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स और उनके पेरेन्ट्स को बधाई दी तथा जीवन में एक अच्छे डॉक्टर व इंजीनियर के साथ अच्छे इंसान बनते हुए समाज और देश सेवा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि एलन रोहतक लगातार श्रेष्ठ परिणाम दे रहा है। एलन के हर निर्णय के केन्द्र में विद्यार्थी का हित होता है। अपने 37 वर्षों के विराट अनुभव और बेस्ट अकेडमिक टीम के साथ एलन बेस्ट माहौल देने के लिए संकल्पित हैं। एलन रोहतक के सेंटर हेड अभिषेक मिश्रा ने कहा कि एलन की कोशिश रहती है हर विद्यार्थी का सपना पूरा हो। इसके लिए उन्हें हर तरह का सपोर्ट दिया जाए। साल दर साल आ रहे बेहतर परिणाम रोहतक में एलन के श्रेष्ठ सिस्टम को साबित कर रहे हैं। समारोह में सम्मानित होने के लिए विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ खुशियों से झूमते हुए मंच पर पहुंचे।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5933




**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5932 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ल | ज्ज | त | दा | र | | क | र | त | ब |
| म | त | | क | | ज | टि | ल | | वा | र |
| न | | क | रा | मा | त | | म | य | | ग |
| भा | गी | दा | र | | प | ल | | म | द | द |
| व | | चा | | अ | ट | ल | | | रा | |
| न | ज | र | बं | द | | का | न | भ | र | ना |
| | मी | | | र | न | र | | ड़ | | म |
| अ | न | ल | | क | र | | अ | क | ब | र |
| म | | ता | क | | क | त | र | ना | | ख |
| रू | ह | | ह | ल | वा | | दा | | आ | ना |
| द | म | दा | र | | स | न | स | ना | ना | |



# कांग्रेस नकारात्मक राजनीति कर रही : अमित शाह

## शाह ने केंद्र और राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों की उपलब्धियां गिनाईं

### उत्तराखंड विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा

एजेंसी ▶▶ देहरादून/रुद्रपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर ऐसे समय में नकारात्मक राजनीति करने का शनिवार को आरोप लगाया, जब उत्तराखंड विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने साथ ही विपक्षी दल को सलाह दी कि यदि उसे अपना अस्तित्व बचाना है, तो उसे अपनी इस आदत से बाज आना चाहिए। शाह ने केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकारों की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कांग्रेस के एक नेता द्वारा सोशल मीडिया पर की गई उस पोस्ट की भी आलोचना की, जिसमें केंद्रीय मंत्री से कहा गया था कि वह लोगों को यह बताए बिना वापस न लौटें कि भाजपा सरकार ने राज्य के लिए क्या किया है।




**निवेश उत्सव कार्यक्रम**

*केंद्रीय मंत्री ने उधम सिंह नगर जिले के रुद्रपुर में आयोजित निवेश उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "कांग्रेस हमेशा नकारात्मक राजनीति करती है, खासकर जब उत्तराखंड में विकास हो रहा हो। यह ऐसा है जैसे कोई दूध में नींबू निचोड़ दे, ताकि वह खट्टा हो जाए।"*

### वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में 3.5 लाख करोड़ के निवेश समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए

शाह ने कहा कि दिसंबर 2023 में देहरादून में आयोजित वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में 3.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए थे। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में इन समझौता ज्ञापनों में से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों के कार्यान्वयन की शुरुआत की गई। शाह ने कांग्रेस नेता (जिनका उन्होंने नाम नहीं लिया) की टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा कि 2004 से 2014 के बीच दस वर्षों में केंद्र की कांग्रेस सरकार ने उत्तराखंड को 53,000 करोड़ रुपये दिए थे, जबकि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने 2014-2024 तक दस वर्षों में राज्य को एक लाख 86 हजार करोड़ रुपये दिए, जो कांग्रेस सरकार द्वारा दी गई राशि से 3.5 गुणा अधिक है।



#### सड़कों के लिए 31,000 करोड़ रुपये दिए

उन्होंने कहा कि इसके अलावा, मोदी सरकार ने राज्य को सड़कों के लिए 31,000 करोड़ रुपये, रेलवे ट्रैक के लिए 40,000 करोड़ रुपये और हवाई अड्डों के लिए 100 करोड़ रुपये दिए। उन्होंने कहा कि यदि इन सभी को जोड़ दिया जाए, तो भाजपा सरकार ने कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य को दी गई धनराशि से 4.25 गुणा ज्यादा दिया है।

---

## खबर संक्षेप

### स्टेशन लबालब, जोधपुर में बैंक की छत गिरी

**जोधपुर।** मौसम के बदलाव ने अब लोगों को चिंता में डाल दिया है।



जोधपुर की कई कॉलोनियों में पानी भर गया है. शहर के भीतरी क्षेत्रों में सराफा बाजार और जालोरी गेट के इलाकों में पानी इतना अधिक भर गया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की चांद शाह तकिया ब्रांच सोजती गेट की छत गिर गई। रेलवे स्टेशन क्षेत्र में 4 फीट तक पानी भर गया।

### भाजपा सरकार बांग्ला भाषियों को धमका रही

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को असम में वहां की भाजपा



सरकार द्वारा बांग्ला भाषियों को ''धमकाने'' का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि पड़ोसी राज्य के बांग्ला भाषी ''सभी भाषाओं और धर्मों का सम्मान करते हुए शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व'' चाहते हैं। भाजपा का ''विभाजनकारी एजेंडा सभी सीमाओं को पार कर गया है'।

### आप को फिर झटका विधायक का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** खरड़ की विधायक अनमोल गगन मान ने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। मान ने



लिखा कि मेरा दिल भारी है, लेकिन मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। विधायक पद से स्पीकर को दिया गया मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाए। मेरी शुभकामनाएं पार्टी के साथ हैं। मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

### मैं इकरा से निकाह कबूल करता हूं: योगेंद्र

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कैराना



सांसद इकरा हसन पर अभद्र टिप्पणी करते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया। उन्होंने इकरा हसन से निकाह करने की बात कही और असदुद्दीन ओवैसी और अकबरुद्दीन ओवैसी को जीजा बुलाने की शर्त रखी फिर विवाद होने पर पोस्ट डिलीट कर दी।

### एक्टर का निधन, पैसों की तंगी बनी वजह

**हैदराबाद।** अनोखे तेलंगाना लहजे और बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर एक्टर फिश वेंकट का



18 जुलाई को निधन हो गया, जिनका असली नाम वेंकट राज था। एक्टर का कई महीनों से किडनी का इलाज चल रहा था। डायलिसिस चल रहा था और उनके शरीर के कमजोर होने के कारण उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। उन्हें किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत थी।

---

### मानसून सत्र पर इंडी गठबंधन की ऑनलाइन बैठक, 20 से ज्यादा दलों के नेता शामिल हुए, संसद में तीखे सवाल पूछने पर बनी सहमति

# विपक्षी दलों ने संसद में एकजुट रहने और सरकार को घेरने की बनाई रणनीति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले शनिवार को इंडी गठबंधन की पार्टियों ने ऑनलाइन मीटिंग की। इसमें 20 से ज्यादा दलों के नेता शामिल हुए। इस दौरान संसद में सरकार के खिलाफ एकजुट होकर मुद्दे उठाने की रणनीति बनाई गई। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सीपीआई (एमएल) के नेता दीपंकर भट्टाचार्य भी मौजूद थे। नेताओं ने तय किया कि संसद में वे एकजुट रहेंगे और सरकार से तीखे सवाल पूछेंगे। इधर, बैठक में बिहार में वोटर लिस्ट की जांच, पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर, और जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से जली हुई नकदी मिलने के मामलों पर चर्चा हुई। साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाने के दावे को लेकर भी बातचीत की गई। कांग्रेस ने संसद में जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य बनाने, महिलाओं पर अत्याचार, बेरोजगारी, किसानों की परेशानी, देश की सुरक्षा और अहमदाबाद एयरक्रैश जैसे मुद्दे उठाने का फैसला किया है।

> **बिहार में वोटर लिस्ट की जांच, पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर, और जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से जली हुई नकदी मिलने के मामलों पर चर्चा हुई।**

> बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सीपीआई (एमएल) के नेता दीपंकर भट्टाचार्य भी बैठक में मौजूद रहे। नेताओं ने तय किया कि संसद में वे एकजुट रहेंगे और सरकार से तीखे सवाल पूछेंगे।



#### नहीं आएं तृणमूल और आप

तृणमूल कांग्रेस 21 जुलाई को 'शहीद दिवस' मना रही है, इसलिए उसके नेता कोलकाता में बिजी थे। वहीं, आप गुजरात और दूसरे राज्यों में अपने विस्तार अभियान में जुटी है। आप ने कांग्रेस से कई राज्यों में सीधी लड़ाई का रास्ता चुना है और पार्टी का कहना है कि इंडी गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव तक सीमित था। हालांकि, विपक्षी नेताओं का कहना है कि संसद में विपक्ष एकजुट रहेगा, भले ही कुछ दल बैठक में न आएं।

#### गठबंधन में उमर अब्दुल्ला, ममता बनर्जी और तेजस्वी यादव कर चुके विरोध

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इसी साल जनवरी में इंडिया अलायंस खत्म करने की बात कही थी। उन्होंने कहा था, 'लोकसभा चुनाव के बाद इसकी कोई बैठक नहीं हुई है। यह गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही था तो इसे खत्म कर देना चाहिए। इसके पास न कोई एजेंडा है और न ही कोई लीडरशिप।' वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हरियाणा-महाराष्ट्र और उपचुनावों में इंडी गठबंधन के खराब प्रदर्शन को लेकर 7 दिसंबर 2024 को नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था, 'मैंने इंडी गठबंधन बनाया। इसका नेतृत्व करने वाले इसे ठीक से नहीं चला सकते, तो मुझे मौका दें। मैं बंगाल से ही गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हूं।' ममता बनर्जी के बयान का शिवसेना, सपा ने समर्थन किया था। इस पर भाजपा ने कमेंट किया था, 'विपक्ष के नेताओं को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। वे अब भी राहुल को राजनीति का कच्चा खिलाड़ी समझते हैं।' वहीं, तेजस्वी यादव ने भी जनवरी 2025 में इंडिया गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि 'इंडिया गठबंधन सिर्फ 2024 के लोकसभा चुनाव तक के लिए बना था। तेजस्वी यादव ने कहा था, 'यह अस्वाभाविक नहीं है कि कांग्रेस और आप जैसे दलों में मतभेद हो। गठबंधन का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराना था, और यह गठबंधन उसी लक्ष्य तक सीमित था।'

#### अब तक छह बैठकें हो चुकीं

इंडी गठबंधन बनने के बाद इसकी 6 बैठकें हुई हैं। पहली बैठक 23 जून 2023 को पटना में हुई थी। इसे नीतीश कुमार ने बुलाया था। बाद में नीतीश इंडी ब्लॉक छोड़कर एनडीए में शामिल हो गए थे। आखिरी बैठक 1 जून 2024 को हुई थी। यह आखिरी बैठक ढाई घंटे से ज्यादा चली। खड़गे ने मीटिंग के बारे में बताया था, इंडी गठबंधन की 295 और उससे ज्यादा सीटें आएंगी। इससे कम तो नहीं आएंगी, ये हमने आकलन किया है। हमारे सभी नेताओं से पूछने के बाद यह आंकड़ा मिला है और इस आंकड़े में कोई बदलाव नहीं है।

---

### पीएम मोदी ने लेख को किया साझा

## युवा आध्यात्मिक सम्मेलन नशा मुक्ति का अहम कदम



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 'युवा आध्यात्मिक सम्मेलन' को नशा मुक्त भारत अभियान की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने इस सम्मेलन पर आधारित एक लेख को साझा करते हुए इस मुहिम में युवाओं की भागीदारी को जमकर सराहा। यह सम्मेलन 'माय भारत' पहल के तहत काशी के पावन घाटों पर आयोजित किया गया, जिसका विषय था 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा'। यह आयोजन मोदी सरकार की नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हुआ, जिसका उद्देश्य युवाओं की अगुवाई में देश को नशे की लत से मुक्त बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे इस बात को विस्तार से बताते हैं कि युवा आध्यात्मिक सम्मेलन कैसे नशा मुक्त भारत के निर्माण में एक बड़ा कदम है।

#### यह आध्यात्मिक जागरण है

डॉ. मांडविया ने पोस्ट में कहा है कि यह सम्मेलन केवल एक आध्यात्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नशा के खिलाफ एक राष्ट्रीय युवा आंदोलन की शुरुआत है। उन्होंने लिखा कि यह एक राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए आध्यात्मिक जागरण है। भारत के युवा अब नशे की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए नेतृत्व कर रहे हैं। इस सम्मेलन में देशभर से आए युवा नेता, आध्यात्मिक गुरु और सामाजिक प्रभावशाली व्यक्तित्व शामिल हुए। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य, आध्यात्मिक जागरूकता और सामुदायिक सहयोग के जरिए नशा मुक्ति के व्यापक उपायों पर चर्चा की। सम्मेलन के दौरान कई जागरूकता सत्र, संकल्प कार्यक्रम और युवा केंद्रित अभियान शुरू किए गए, ताकि पूरे देश में एकजुटता और सामूहिक भागीदारी के जरिए नशा मुक्त भारत का संदेश फैलाया जा सके।

#### मंगल पांडे की जयंती पर कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

### उनका साहस देशवासियों के लिए बड़ी प्रेरणा

भारत के पहले स्वतंत्रता संग्राम के महानायक मंगल पांडे की जयंती पर देशभर के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके साहस को नमन किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मंगल पांडे को याद करते हुए लिखा कि महान स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि।

---

### इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट को टेकऑफ के कुछ देर बाद ही लौटना पड़ा

## थाईलैंड जा रहा था विमान, तकनीकी दिक्कत के बाद लौट आया हैदराबाद

### यात्रियों को नाश्ता देकर दूसरी उड़ान से भेजा गया

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

शनिवार को हैदराबाद से फुकेत जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट को टेकऑफ के कुछ ही देर बाद वापस हैदराबाद लौटना पड़ गया। टेकऑफ के बाद विमान में कुछ तकनीकी दिक्कत आ गई थी, जिससे प्लेन को वापस मोड़ लिया गया। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि टेकऑफ के कुछ ही देर बाद क्रू मेंबर्स ने तकनीकी दिक्कत महसूस की और सावधानी बरतते हुए फ्लाइट को वापस मोड़ने का फैसला किया। एयरलाइन ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है। प्रवक्ता ने कहा कि हमने प्राथमिकता के आधार पर एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की।




#### इससे पहले इंडिगो के 2 विमान हो गए थे खराब

इसके पहले 16 जुलाई को दिल्ली से गोवा जा रही इंडिगो की फ्लाइट में भी तकनीकी दिक्कत आ गई थी। उड़ान के दौरान अचानक जब इसका पता चला, तो फ्लाइट की मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इंडिगो ने बताया था कि फ्लाइट को जरूरी चेक और मेंटेनेंस की प्रक्रिया के लिए भेज दिया गया है। 17 जुलाई को दिल्ली से इंफाल जा रही इंडिगो की फ्लाइट में भी तकनीकी दिक्कत आ गई थी। पायलट ने समझदारी दिखाते हुए फ्लाइट को वापस मोड़ दिया। इसके बाद नई दिल्ली एयरपोर्ट पर इसकी लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट में देरी होने पर यात्रियों को रिफ्रेशमेंट उपलब्ध कराया गया और फिर दूसरी फ्लाइट से उन्हें रवाना किया गया।

---

### ठीक से उम्मीदवार नहीं किए गए थे तय

## पिछली गलतियां होती रहेंगी तो हमारा गठबंधन में रहना मुश्किल हो जाएगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सवाल उठाया है कि अगर 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा की तरह सीट बंटवारे और उम्मीदवारों के चयन में देरी जैसी गलतियां दोबारा हुईं तो महा विकास आघाडी (एमवीए) का क्या औचित्य रह जाएगा। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एमवीए के प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद का उत्साह विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टियों के खुद के जीतने पर केंद्रित व्यक्तिगत अहंकार में बदल गया, जो अंततः उनकी हार का कारण बना। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवार तय नहीं किए गए थे। यह एक गलती थी जिसे सुधारना होगा। अगर भविष्य में ऐसी गलतियां होती रहीं तो साथ रहने का कोई मतलब नहीं है। हमने अपनी पूर्व की गलती को नहीं दोहराने की रणनीति बनाई है।

#### महाविकास अघाडी पर उद्धव ने उठाए सवाल

#### सहयोगियों को सीटें देनी पड़ी

मुखपत्र 'सामना' को दिए साक्षात्कार में ठाकरे ने अफसोस जताया कि उनकी



पार्टी को लोकसभा चुनाव के दौरान अपने एमवीए सहयोगियों को वे सीट देनी पड़ीं, जो उसने पहले कई बार जीती थीं। विधानसभा चुनाव के दौरान सीट बंटवारे पर बातचीत आखिरी क्षण तक चली। इस झगड़े से जनता के बीच हमारे बारे में गलत संदेश गया। चुनाव के दौरान रियायतों की घोषणा करने की होड़ से शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरदचंद्र पवार) और कांग्रेस के गठबंधन एमवीए को नुकसान हुआ।

#### उधर 'महा मुलाकात' पर शिंदे ने कसा तंज

#### रंग बदलने में गिरगिट से भी तेज निकले उद्धव

शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे को रंग बदलने वाला गिरगिट करार दिया। शिंदे ने आरोप



लगाया कि उद्धव ने 2019 में देवेंद्र फडणवीस के साथ धोखा किया। यह बयान उस समय चर्चा में जब उद्धव और फडणवीस के बैठकों की खबरें आईं। एकनाथ शिंदे ने यह दावा किया कि 2019 महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी-शिवसेना गठबंधन को बहुमत मिलने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे को 40 से 50 बार कॉल किया, लेकिन ठाकरे ने कोई जवाब नहीं दिया था। एकनाथ शिंदे ने कहा एक समय में जो नेता कभी कांग्रेस और एनसीपी को कोसते थे।

---

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने ड्रोन सहित आधुनिक कृषि यंत्रों का निरीक्षण किया

## खेतों में उतरकर मूंगफली की 'निराई-गुड़ाई' की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को गुजरात दौरे के दौरान किसानों से मुलाकात की। इस दौरान वह जूनागढ़ के मानेकवाड़ा गांव में मूंगफली के खेत में गए और किसानों से जानकारी लेते हुए उनसे संवाद किया। केंद्रीय मंत्री ने खेत में उतरकर मूंगफली की 'निराई-गुड़ाई' भी की। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण चौहान ने जूनागढ़, गुजरात में भारतीय मूंगफली अनुसंधान संस्थान का निरीक्षण किया।

#### मूंगफली किसानों खेती में आने वाली समस्याओं से कराया अवगत



#### किसानों से जानकारी लेते हुए उनसे संवाद किया

चौहान ने कार्यों की समीक्षा की और किसानों व स्वयं सहायता समूहों की दीदियों से संवाद किया। किसानों से बातचीत करते हुए चौहान ने मूंगफली की उन्नत किस्मों, बीजों की गुणवत्ता, उपयोग की जा रही खाद और उत्पादन तकनीकों पर गहराई से चर्चा की। किसानों ने उन्हें मूंगफली की खेती में आने वाली मौसमी चुनौतियों, बाजार मूल्य और सिंचाई से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। केंद्रीय कृषि मंत्री ने विशेष रूप से गुजरात की प्रमुख और उन्नत मूंगफली वैरायटी 'गिरनार-4' की विशेषताओं के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली।

**खाद्य सुरक्षा में हमारे अन्नदाताओं की भूमिका अमूल्य**

खेत में उपलब्ध ड्रोन और आधुनिक कृषि यंत्रों का भी उन्होंने निरीक्षण किया और उनके प्रभाव और उपयोगिता को लेकर किसानों से प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने किसानों को कृषि से जुड़े हुए अनेक सुझाव भी दिए और उनसे भविष्य की योजनाओं के बारे में भी पूछा। उन्होंने किसानों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा, देश की खाद्य सुरक्षा में हमारे अन्नदाताओं की भूमिका अमूल्य है।

#### प्रेरणादायी कहानियों के संकलन का प्रकाशन किया

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 10 लाख से अधिक आय प्राप्त करने वाली 50 लखपति दीदियों की सफल प्रेरणादायी कहानियों के संकलन का प्रकाशन किया। साथ ही संस्थान के वार्षिक प्रतिवेदन 2024 का विमोचन भी किया। सरकार हर स्तर पर किसानों के साथ है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

---

### वाड्रा को संरक्षण देने में जुटे राहुल

## विपक्ष के नेता के रूप में संवैधानिक पद का किया दुरुपयोग : त्रिवेदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीजेपी ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी ने रॉबर्ट वाड्रा के मामले में विपक्ष के नेता के रूप में अपने संवैधानिक पद का दुरुपयोग करते हुए अपने परिवार के अपराधों को 'संरक्षण' देने का काम किया है। गौरतलब है कि रॉबर्ट वाड्रा पर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया गया है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी से सवाल करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी कांग्रेस पार्टी के सभी परिवार के प्रथम सदस्य एक दूसरे के भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए साथ आकर खड़े हो गए हैं। इससे एक बात बहुत स्पष्ट हो जाता है कि कांग्रेस की राजनीति का आधार क्या है। हम भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे कांग्रेस के प्रथम परिवार से पूछना चाहते हैं कि यदि आपका पारिवारिक मामला था तो इस पर राजनीतिक आरोप आप क्यों लगा रहे हैं। सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से पहले विपक्षी गठबंधन आतंरिक कलह और बिखराव से जूझ रहा है।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रूस से तेल खरीदने वालों पर 500 फीसदी टैरिफ की धमकी के बाद अमेरिका की धरती से ही नाटो ने भारत, चीन व ब्राजील को धमकीभरी चेतावनी दी है कि रूस से व्यापार जारी रखने पर इन तीनों देशों पर नाटो सैन्य संगठन के सदस्य देशों द्वारा सौ प्रतिशत सेकेंडरी टैरिफ लगाया जाएगा। नाटो के महासचिव मार्क रूट के ऐलान के बाद भारत ने भी बड़े तीखे शब्दों में जवाब दिया कि नाटो का दोहरापन नहीं चलेगा। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने राजधानी दिल्ली में एक मीडिया कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत की प्राथमिकता अपने लोगों के लिए ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने की है। विदेश मंत्रालय ने नाटो द्वारा दोहरा मापदंड अपनाने के लिए उनके ऐलान की कड़ी आलोचना की है। नाटो के सदस्य रूस से तेल खरीदे व नाटो भारत को धमकी दे, ये नहीं चलेगा। भारत की दो टूक राय है कि रूस-यूक्रेन युद्ध का खात्मा केवल कूटनीतिक बातचीत से मुमकिन हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप की रणनीति तो युद्ध को और अधिक प्रज्ज्वलित कर सकती है। भारत द्वारा परमाणु परीक्षण अंजाम देने के बाद अमेरिका द्वारा आर्थिक प्रतिबंध आयद किए गए थे। उस वक्त अमेरिकन आर्थिक प्रतिबंध एकदम नाकाम सिद्ध हुए थे। यदि भारत पर फिर से प्रतिबंध आयद किए गए तो फिर से वही अंजाम होगा। पेश है एक विश्लेषण...**

# नाटो की धमकी से भारत विचलित नहीं



विश्लेषण

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार

**नाटो के सेक्रेटरी जनरल मार्क रूट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मार्क रूट ने बाकायदा ऐलान किया कि भारत, चीन और ब्राजील यदि भविष्य में रूस के साथ अपना कारोबार जारी रखेंगे, तो फिर इन तीनों देशों पर नाटो सैन्य संगठन के देशों द्वारा सौ प्रतिशत सेकेंडरी टैरिफ आयद कर दिया जाएगा। मार्क रूट के इस धमकी भरे ऐलान के बाद भारत द्वारा भी बड़े तीखे शब्दों में इसका प्रति उत्तर पेश किया गया। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने राजधानी दिल्ली में एक मीडिया कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत की प्राथमिकता अपने लोगों के लिए ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने की है। भारत की दो टूक राय है कि रूस-यूक्रेन युद्ध का खात्मा केवल कूटनीतिक बातचीत से मुमकिन हो सकता है।**

नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन संक्षेप में कहें तो नाटो के सेक्रेटरी जनरल मार्क रूट ने अमेरिकी सीनेटर टॉम टिलिस और जीन शाहीन के साथ संयुक्त रूप से अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में एक प्रेस कांफ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मार्क रूट ने बाकायदा ऐलान किया कि भारत, चीन और ब्राजील यदि भविष्य में रूस के साथ अपना कारोबार जारी रखेंगे, तो फिर इन तीनों देशों पर नाटो सैन्य संगठन के देशों द्वारा सौ प्रतिशत सेकेंडरी टैरिफ आयद कर दिया जाएगा। मार्क रूट के इस धमकी भरे ऐलान के बाद भारत द्वारा भी बड़े तीखे शब्दों में इसका प्रति उत्तर पेश किया गया। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने राजधानी दिल्ली में एक मीडिया कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत की प्राथमिकता अपने लोगों के लिए ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने मार्क रूट द्वारा टैरिफ आयद करने पर दोहरा मापदंड अपनाने के लिए उनके ऐलान की कड़ी आलोचना की। रणधीर जायसवाल ने आगे कहा कि तेल आयात के प्रश्न पर भारत वस्तुतः बाजार और दुनिया के हालात से निर्देशित होता है।

भारत द्वारा दोहरा मापदंड अपनाए जाने का जो संगीन इल्जाम नाटो सैन्य संगठन पर आयद किया गया है, उसका तथ्यात्मक आधार यह है कि तुर्किये जो कि नाटो सैन्य संगठन का सदस्य देश है, के भी बड़े कारोबारी रिश्ते रूस के साथ कायम रहे हैं। तुर्किये रूस से बड़ी मात्रा में आयल भी आयात करता है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) रूस की ऊर्जा के अंतरराष्ट्रीय लेनदेन के लिए एक वित्तीय माध्यम के तौर पर काम करता रहा है। यूरोप के तकरीबन सभी देश भारत द्वारा रूस के क्रूड आयल से रिफाइन तेल विगत तीन वर्षों से निरंतर खरीदते रहे हैं। अमेरिका खुद भी बड़े पैमाने पर रूस से यूरेनियम की खरीदारी करता रहा है। इन तमाम देशों पर ना तो प्रेसिडेंट ट्रंप ने और ना ही नाटो के सेक्रेटरी जनरल मार्क रूट ने एक बड़ा अतिरिक्त टैरिफ आयद करने की धमकी दी है। उल्लेखनीय है कि भारत अपनी आवश्यकता का तकरीबन 85 प्रतिशत तेल आयात करता है। आजकल भारत अपने कुल आयात का तकरीबन आधा तेल रूस से खरीद रहा है।

## रूट की टैरिफ आयद करने की धमकी

नाटो के सेक्रेटरी जनरल और नीदरलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री मार्क रूट यह भी फरमाते हैं कि भारत, चीन और ब्राजील तीनों देशों के सर्वोच्च लीडरों को रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत करके उनको युद्ध खत्म करने के लिए रजामंद करना चाहिए। मार्क रूट का यह कैसा विकट अंदाज ए बयां है, कि जिसमें कोई कूटनीतिक आग्रह नहीं है, वरन सौ प्रतिशत टैरिफ आयद करने की धमकी का विषाक्त धुआं उठता हुआ प्रतीत हो रहा है। विश्व पटल पर यह कैसा विकराल दौर आ गया है जब कि भारत के साथ मित्रता का दम भरने वाले अमेरिका और यूरोप के अन्य नाटो देश भारत के साथ किसी जटिल अंतरराष्ट्रीय प्रश्न पर कूटनीतिक बातचीत करने के स्थान पर सार्वजनिक तौर पर भारत के विरुद्ध धमकी भरे अंदाज में सौ प्रतिशत टैरिफ नाफ़िज़ करने का ऐलान कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति आई है, जब से कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर दूसरी पारी में आसीन हुए हैं। राष्ट्रपति पद पर आसीन होने के एकदम बाद उन्होंने दावा किया था कि कुछ दिनों के अंदर ही वह रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करा देंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कूटनीतिक तौर पर रूस के राष्ट्रपति पुतिन को युद्ध खत्म करने के लिए अपने दबाव में नहीं ले पाए। इसके विपरीत रूसी फ़ौज द्वारा यूक्रेन पर भीषण सैन्य आक्रमण शुरू कर दिए गए। फिर क्या था, राष्ट्रपति ट्रंप ने बौखला कर रूस के साथ गहन मित्रता रखने वाले ब्रिक्स देश भारत, चीन और ब्राजील पर अतिरिक्त टैरिफ आयद करने की धमकी भरा ऐलान कर दिया।

## अमेरिका के हाथों की कठपुतली है नाटो

सर्वविदित है कि नाटो सैन्य संगठन में 32 सदस्य देश हैं, जिनमें यूरोपीय यूनियन के 23 देश शामिल हैं, किंतु नाटो का तकरीबन 70 प्रतिशत खर्च अमेरिका वहन करता है। अभी हाल ही में यूरोप के नाटो देशों पर राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा यह दबाव डाला गया कि ये देश अपने जीडीपी का कम से कम पांच प्रतिशत नाटो सैन्य संगठन को फंड प्रदान करेंगे। अभी तक केवल अमेरिका के अतिरिक्त अन्य नाटो देश अपनी जीडीपी का केवल ढाई प्रतिशत नाटो सैन्य संगठन को मुहैया कराते रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो देश को भी यह धमकी दी थी कि यदि वह ऐसा नहीं करेंगे तो अमेरिका नाटो सैन्य संगठन को तत्काल छोड़ देगा। उल्लेखनीय है कि जी-7 के शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों के मध्य जबरदस्त तकरार हो गई थी। आखिरकार रूस के संभावित सैन्य हमले से भयभीत हो रहे यूरोप के कुछ नाटो देश अपनी जीडीपी का पांच प्रतिशत नाटो सैन्य संगठन को प्रदान करने के लिए राजी भी हो गए हैं। ऐतिहासिक तौर पर नाटो संगठन वस्तुतः अमेरिका के हाथों की कठपुतली बना रहा है।

## बहु ध्रुवीय शक्तियों का उदय हुआ

उल्लेखनीय है कि 4 अप्रैल सन् 1949 को 12 देशों द्वारा नाटो सैन्य संगठन की बुनियाद रखी गई थी। द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के तत्पश्चात विश्व दो शक्तिशाली सैन्य गुटों में विभाजित हो गया था। कोल्ड वॉर का सैन्य तनाव का खतरनाक दौर प्रारंभ हो चुका था। सोवियत यूनियन के नेतृत्व में वारसा सैन्य पैक्ट अस्तित्व में आ चुका था। सन् 1991 में इतिहास ने जबरदस्त पलटा खाया और सोवियत यूनियन एकदम बिखर गया। इसके साथ ही वारसा सैन्य पैक्ट का भी अंत हो गया।

इस बुनियादी परिवर्तन के बावजूद अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य संगठन बाकायदा बरकरार बना रहा। विश्व पटल पर सोवियत पराभव के बाद अमेरिका एक ध्रुवीय विश्व शक्ति बन गया। परिणामस्वरूप अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज बुश सीनियर ने सद्दाम हुसैन के इराक पर ऑपरेशन डेजर्ट स्टॉर्म के तहत 17 जनवरी 1991 को धावा बोल दिया। सन् 1996 में नाटो सेना ने बोस्निया और हर्जेगोविना पर बम बरसाए थे। सन् 2001 में अफगानिस्तान पर और सन् 2003 में अमेरिका की कयादत में आक्रमण अंजाम दिया। 21वीं सदी में चीन के सैन्य और आर्थिक शक्ति के तौर पर जबरदस्त उभार ने विश्व पटल पर शक्ति संतुलन की तस्वीर बदल कर रख दी। अब विश्व पटल पर अमेरिका एक ध्रुवीय शक्ति नहीं रह गया है, बल्कि बहु ध्रुवीय शक्तियों का उदय हो चुका है।

## अमेरिका के उकसावे में हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध

राष्ट्रपति पुतिन के नेतृत्व में रूस भी एक बड़ी सैन्य शक्ति के रूप में स्थापित हो गया है। फरवरी वर्ष 2022 में प्रारंभ हुए रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस के विरुद्ध सैन्य उकसावे की कार्रवाई वस्तुतः अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य संगठन द्वारा ही प्रारंभ की गई थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने नाटो सैन्य संगठन का सदस्य बनने के लिए एक दरख्वास्त पेश की, जिस पर विचार करने के लिए नाटो देश एकदम रजामंद हो गए।

रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि यदि यूक्रेन को नाटो सैन्य संगठन का सदस्य बना लिया गया तो फिर रूस की सरहद पर नाटो के फौजी दस्ते तैनात हो जाएंगे और रूस की सुरक्षा गंभीर तौर पर खतरे में पड़ जाएगी। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को नाटो सैन्य संगठन का सदस्य देश नहीं बनाया जाना चाहिए। राष्ट्रपति पुतिन के इस आग्रह को नाटो देशों ने एकदम अस्वीकार कर दिया। यही कारण था कि यूक्रेन पर रूस की सेना द्वारा आक्रमण अंजाम दिया गया। अमेरिका और नाटो सैन्य संगठन का सोच विचार था कि अफगानिस्तान युद्ध की तरह रूस को कमजोर करने के लिए यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध में उलझा दिया जाए। अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य संगठन द्वारा इस समस्त षड्यंत्र को अंजाम दिया गया। रूस-यूक्रेन युद्ध को तकरीबन तीन वर्षों से अधिक का वक्त बीत चुका है, किंतु अभी तक यह युद्ध किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पाया है। भारत प्रारंभ से ही रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए कूटनीतिक बातचीत की पुरजोर पैरवी करता रहा है और भारत ने इस भीषण युद्ध को समाप्त कराने के लिए कूटनीतिक मध्यस्थता करने की भी पेशकश की थी।

## कोल्ड वॉर के दौर में भी भारत गुटनिरपेक्ष देश

आज के दौर में क्या इतिहास खुद को दोहराने लगा है। दुनिया फिर से दो सैन्य गुटों में स्पष्ट रूप से विभाजित होती हुई दिखाई दे रही है। कोल्ड वॉर के दौर में भी भारत गुटनिरपेक्ष देश रहा और आज भी गुटनिरपेक्ष देश है। भारत एक तरफ रूस और चीन के साथ ब्रिक्स का सदस्य देश है। दूसरी तरफ क्वॉड मोर्चे में अमेरिका और जापान के साथ सदस्य देश है। किसी सैन्य गुट में शामिल हुए बिना भारत अपने राष्ट्रीय हितों की पैरवी और सुरक्षा करता है। लेकिन भारत किसी अन्य देश के राष्ट्रीय हितों को क्षति पहुंचाने की कदाचित कोशिश भी नहीं करता। राष्ट्रपति पुतिन पर सैन्य दबाव कायम करने के लिए प्रेसिडेंट ट्रंप ने यूक्रेन की फौज को ऐसी लॉन्ग रेंज मिसाइल देने का निर्णय लिया है, जोकि रूस की राजधानी मास्को को निशाना बना सकें। राष्ट्रपति ट्रंप की आखिरकार युद्ध समाप्त करने की कैसी कारगर रणनीति है? अथवा तृतीय विश्व युद्ध का आगाज करने की सैन्य धृष्टता है?

राष्ट्रपति ट्रंप की अंतरराष्ट्रीय रणनीति के विरोध में यूरोप में आंतरिक तौर पर निरंतर विरोध और आक्रोश रहा है। फ्रांस और जर्मनी प्रेसिडेंट ट्रंप की रणनीति से एकदम सहमत नहीं है। भारत की दो टूक राय है कि रूस-यूक्रेन युद्ध का खात्मा केवल कूटनीतिक बातचीत से मुमकिन हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप की रणनीति तो युद्ध को और अधिक प्रज्ज्वलित कर सकती है। भारत द्वारा परमाणु परीक्षण अंजाम देने के बाद अमेरिका द्वारा आर्थिक प्रतिबंध आयद किए गए थे। उस वक्त अमेरिकन आर्थिक प्रतिबंध एकदम नाकाम सिद्ध हुए थे। यदि भारत पर फिर से प्रतिबंध आयद किए गए तो फिर से वही अंजाम होगा। अमेरिका और नाटो द्वारा की जा रही भारत विरोधी और शत्रुतापूर्ण घोषणाओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर चुप्पी साधे हुए हैं आखिर क्यों? भारत पर अंजाम दिए जा रहे प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय आक्रमण पर क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना स्पष्ट नजरिया पेश नहीं करना चाहिए?



# भारत ने नाटो को दिया करारा जवाब



कूटनीति

सुनील अमर

वरिष्ठ पत्रकार

नाटो के महासचिव मार्क रूट ने बीते बुधवार को कहा है कि भारत, ब्राजील और चीन रूस पर दबाव बनाएं कि वह यूक्रेन में युद्ध बन्द करे। उन्होंने धमकी दी है कि ये देश अगर ऐसा नहीं करते तो इन पर भारी टैरिफ लगाया जाएगा क्योंकि ये तीनों देश रूस से तेल खरीद कर उसे आर्थिक रूप से मजबूत कर रहे हैं। रूट चाहते हैं कि भारत, ब्राजील और चीन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को फोन करके कहें कि वे यूक्रेन से शांति वार्ता करने के लिए तैयार हो जाएं। रोजमर्रा के समाचार पढ़ने वाला कोई भी व्यक्ति यह समझ सकता है कि नाटो महासचिव के मुंह से किसकी आवाज निकल रही है।

असल में यह धमकी रूट (नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन) की नहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की है। अपने दूसरे कार्यकाल की शपथ लेने से काफी पहले से ही वे यूक्रेन को अमेरिकी हथियारों की आपूर्ति रोकने तथा युद्ध बन्द कराने व दुनिया के तमाम देशों पर टैरिफ का चाबुक चलाने की घोषणा कर रहे हैं। दिक्कत यह है कि बड़बोले ट्रम्प ऐसा कुछ तो कर नहीं पाये, उल्टे इजरायल की पीठ ठोंक कर ईरान व सीरिया पर अलग से हमला करवा दिया। एक तरफ तो वे शांति का नोबल पाने को किसी बच्चे की तरह लालायित दिखते हैं तो दूसरी तरफ अपने बगलबच्चे (नाटो को वाशिंगटन ट्रीटी भी कहा जाता है) नाटो की मार्फत वे इसके सदस्य देशों से अपील करते हैं कि युद्ध के लिए सहयोग राशि व हथियारों की मात्रा बढ़ाई जाए ताकि यूक्रेन को मदद की जा सके। ज्ञात हो कि नाटो को उसके सदस्य देश अपनी जीडीपी की दो प्रतिशत धनराशि तथा हथियार आदि सहयोग के रूप में देते हैं। वैश्विक चौधरी बनने की अपनी आदत से मजबूर अमेरिका इस बार यूक्रेन में जाकर फंस गया है और अब वहां से येन-केन प्रकारेण निकलना चाहता है और इसके लिए वह तमाम तरह की कोशिशें कर रहा है।

## रूस पर दबाव बनाने का प्रयास

शपथ ग्रहण करने के कुछ दिन बाद ही उन्होंने न सिर्फ यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्सकी को व्हाइट हाऊस बुलाकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया के सामने अशोभनीय तरीके से बहस कर अपमानित किया बल्कि सारी युद्धक सहायता रोकने तथा अब तक की गई समस्त प्रकार की मदद की कीमत वसूलने की भी घोषणा कर दी। रूस पर दबाव बनाने की हर संभव कोशिश की और जब रूस नहीं माना तो हार कर ट्रंप ने जेलेन्सकी को दुबारा युद्धक मदद देनी शुरू कर दी। ट्रंप और नाटो दोनों को समझ में आ गया है कि व्यापार प्रतिबन्ध, टैरिफ की धमकी व इस तरह के अन्य प्रतिबन्धात्मक उपायों से बात बनने वाली नहीं है तो वे अब उन देशों को टारगेट कर रहे हैं जो रूस के बड़े व्यापार सहयोगी हैं।

## नाटो का सदस्य नहीं है भारत

हास्यास्पद यह है कि नाटो महासचिव ऐसा व्यवहार कर रहे हैं मानों वे स्वयं अमेरिका के राष्ट्रपति हों! वे यह भूल गये लगते हैं कि उनका आदेश/ निर्देश महज नाटो के 32 सदस्य देशों पर ही चल सकता है। भारत, चीन और ब्राजील नाटो के सदस्य नहीं हैं। दूसरी तरफ, रूस से तेल खरीदने या अन्य तरह का व्यापार करने वाले सिर्फ यही तीन देश नहीं हैं। नाटो के कई सदस्य देश जैसे- तुर्किये, हंगरी, स्लोवाकिया, आस्ट्रिया, बेल्जियम व चेक गणराज्य तथा जर्मनी भी रूस से कच्चा तेल व गैस खरीद रहे हैं। चेक ने अभी इसी महीने से तेल खरीदना बन्द किया है और जर्मनी सीधे नहीं बल्कि फ्रांस व बेल्जियम के रास्ते से गैस खरीदता है। नाटो अपने इन सदस्य देशों को रूस से तेल या गैस खरीदने को वर्जित क्यों नहीं करता? यह सही है कि भारत और चीन रूस से तेल खरीदने वाले बड़े देश हैं। रूस के सकल तेल उत्पादन का लगभग 47 प्रतिशत अकेले चीन तथा 38 प्रतिशत भारत खरीदता है। तुर्किये ने तो अभी बीते जून माह में ही रूस से चार लाख बैरल तेल प्रतिदिन खरीदा है जो काला सागर के बन्दरगाहों तथा पाइप लाइनों के माध्यम से पहुंचता है। नाटो देश हंगरी ने तो रूस से अपनी तेल खरीद को और बढ़ाकर 61 प्रतिशत से 86 प्रतिशत कर दिया है, वहीं स्लोवाकिया तो अपनी जरूरत का सारा तेल ही रूस से खरीद रहा है। आस्ट्रिया और बेल्जियम यद्यपि रूस से सीधे तेल नहीं खरीद रहे हैं लेकिन वे इस कच्चे तेल को भारत या तुर्किये में रिफाइन्ड कराकर वहां से ले रहे हैं। नाटो महासचिव ने अपने इन सदस्य देशों को कोई चेतावनी कभी नहीं दी। यही इनका दोहरा मानदण्ड है। यूक्रेन युद्ध के बाद से अमेरिका ने जब रूस पर तमाम तरह के व्यापार प्रतिबन्ध लगाए तो रूस ने अपने कच्चे तेल व गैस की कीमतें काफी कम कर दीं और यही कारण है कि आज रूस प्रतिदिन 70 लाख बैरल से अधिक तेल बेच रहा है और इसी को रोककर रूस को आर्थिक चोट पहुंचाना ही ट्रंप का लक्ष्य है। रूस के साथ भारत का सम्बन्ध सिर्फ तेल खरीदने का ही नहीं हैं। दशकों से रूस भारत का एक भरोसेमन्द रक्षा सहयोगी भी है और भारत इस रक्षा सहयोग को दांव पर कभी नहीं लगाना चाहेगा।



दूसरे, रूस यद्यपि तेल खरीद में भारतीय मुद्रा रुपया को स्वीकार नहीं करता लेकिन बाकी अन्य प्रकार के व्यापार में रूस रुपये और रुबल (रुसी मुद्रा) में भुगतान लेता है और यह भारत के लिए काफी राहत की बात रहती है। नाटो महासचिव की चेतावनी के बाद भारत के विदेश विभाग तथा केन्द्रीय पेट्रोलियम मन्त्री ने स्पष्ट कर दिया कि भारत के पास तेल खरीद के कई सारे विकल्प हैं और भारत इस तरह का हस्तक्षेप और दोहरा मानदण्ड मानने को बाध्य नहीं है। उधर शंघाई में गत सप्ताह सम्पन्न शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी दोहरे मानदंड की बात उठाते हुए पहलगाम की आतंकवादी घटना का जिक्र किया और कहा कि सदस्य देशों को बयानबाजी के बजाय क्रियान्वयन पर जोर देना चाहिये। गत माह जी-7 देशों की बैठक में जिस तरह प्रधानमन्त्री मोदी ने भी अमेरिका को साफ शब्दों में कहा था कि भारत-पाक युद्ध के सीजफायर में किसी तीसरे की भूमिका नहीं थी, आज भी उसी तरह स्पष्ट शब्दों में नाटो को भी जवाब देने की जरूरत है।

## भारत सावधान और सतर्क रहे

रूस से तेल न खरीदने का दबाव तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने भी बनाया था लेकिन तब भारत ने स्पष्ट कर दिया था कि भारत अपने हितों की रक्षा कर सकता है। अमेरिका के टैरिफ वॉर की वजह से ही सही, भारत-चीन सम्बन्धों की बर्फ पिघलनी शुरू हुई है। गलवान घाटी की झड़प के बाद पहली बार भारत का कोई बड़ा राजनेता (विदेश मन्त्री) चीनी राष्ट्रपति से आमने-सामने मिला है। टैरिफ वॉर के चलते भारत-चीन व्यापार के नये आयाम खुलने के संकेत भी हैं। भारत सावधानी और सतर्कता दिखाये तो रूस से भी व्यापारिक लाभ बढ़ सकता है। ट्रंप अपनी चौधराहट खत्म होते देखकर बौखलाये हुए हैं और उनकी धमकी तथा चेतावनी का दौर चलता ही रहेगा। भारत को इसे गम्भीरता से लेने की जरूरत नहीं है। भारत अपने लिए सक्षम है।

# धमकियों से उलझ रहे टैरिफ समझौते



इंडो-यूएस ट्रेड वार्ता

डॉ. एन. के. सोमानी

अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार

नाटो के महासचिव मार्क रूट द्वारा हाल ही में दी गई भारी टैरिफ लगाने की धमकी के बावजूद भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते ( बीटीए) के पेच सुलझाने की कवायद तेज हो गई है। समझौते की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए दोनों देशों के व्यापार प्रतिनिधि इस हफ्ते वाशिंगटन में बैठक कर सकते हैं। मीडिया में चल रही खबरों की मानें तो टैरिफ कटौती के मुद्दे पर कुछ बिन्दुओं को लेकर अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। अमेरिका 15 से 20 प्रतिशत टैरिफ चाहता है जबकि भारत का कहना है कि टैरिफ की दर 10 प्रतिशत से कम हो।

## कम टैरिफ पर नहीं मानेंगे ट्रंप

हालांकि, बौद्धिक संपदा अधिकार और बाजार तक पहुंच जैसी दीर्घकालिक चिंताओं को दूर कर लिया गया है लेकिन अब ट्रंप जिस तरह से फ्रंट फुट पर खेलते हुए एक के बाद एक देशों पर टैरिफ बम फोड़ रहे हैं, उसे देखते हुए लगता है कि ट्रंप 10 प्रतिशत से कम टैरिफ के लिए शायद ही राजी हों। ऐसे में व्यापार प्रतिनिधियों के बीच होने वाली इस बैठक को काफी अहम कहा जा रहा है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। भारत के कुल वस्तु निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 18 प्रतिशत है। 2024 में भारत ने अमेरिका को 87.4 बिलियन डॉलर का निर्यात किया। भारत अमेरिका को जैविक रसायन, कपड़ा, इस्पात, मोती, विधुत मशिनरी और दवा उत्पाद आदि का निर्यात करता है। जबकि अमेरिका भारत से चमड़ा, कपड़ा, चिकित्सा उपकरण, कीमती रत्न और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का आयात करता है। अभी व्यापार संतुलन भारत के (अमेरिकी घाटा 45.7 बिलियन डालर) पक्ष में है। हालांकि, अमेरिका द्वारा पारस्परिक टैरिफ की घोषणा किए जाने से पहले भारत ने बोरबॉन जैसे लक्जरी सामान और हार्ले डेविसन मोटरसाइकिल पर टैरिफ में कटौती की। लेकिन इसके बावजूद अमेरिका का कहना है कि भारत की टैरिफ दरें अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले टैरिफ से कहीं अधिक हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत की औसत टैरिफ दर 17 प्रतिशत है जबकि अमेरिका में यह 3.3 प्रतिशत है। सबसे बड़ा टकराव कृषि क्षेत्र में है, जहां भारत की टैरिफ दर बहुत अधिक है। भारत में अमेरिका से आने वाले कृषि उत्पादों पर औसतन शुल्क दर 37.7 प्रतिशत है जबकि अमेरिका में यह दर 5.3 प्रतिशत है। प्रस्तावित व्यापार समझौते में यही सबसे पड़ा पेच है। भारत के साथ अपने व्यापार घाटे को कम करने के लिए ट्रंप भारत पर कृषि और डेयरी उत्पादों पर टैरिफ कम करने का दबाव बना रहे हैं। वे चाहते हैं कि भारत सोयाबीन, मक्का, मिल्क पाउडर और डेरी उत्पादों पर लगने वाले भारी-भरकम आयात शुल्क में कटौती कर दे ताकि उनके उत्पाद भारत के बाजार में आासानी से बिक सके। भारत अमेरिकी मक्का पर 61 फीसदी और दूध पाउडर पर 68 फीसदी टैक्स लगाता है। भारत कृषि प्रधान देश है। यहां आधी से अधिक आबादी खेती पर निर्भर है। कृषि और डेयरी उत्पादों पर टैरिफ घटाने से देश के छोटे और सीमांत किसान अमेरिकी आयात की



चपेट में आ जाएंगे। अमेरिका में इन उत्पादों की लागत बहुत कम है। सस्ते आयात से भारत के किसानों के लिए अपनी फसल का सही दाम पाना भी मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में कृषि और डेयरी से जुड़े मुद्दों को लेकर अभी भारत सरकार संशय की स्थिति में है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि कृषि और डेयरी उत्पादों के मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं हो पाती है तो समझौते का क्या होगा। यदि समझौता नहीं हो पाता है तो भारत क्या करेगा। क्या भारत अमेरिका द्वारा घोषित 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क को चुपचाप स्वीकार कर लेगा या अमेरिका को काउंटर करने के लिए कोई प्लान-बी है। अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारत से आने वाले सामानों पर 26 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने का ऐलान किया था, लेकिन बाद में इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था।

## 26 प्रतिशत शुल्क पर असमंजस

90 दिनों की अवधि 8 जुलाई को समाप्त हो गई है। अब एक अगस्त तक का सतय है। भारत चाहता है कि ट्रंप 26 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने का निर्णय वापस ले। दूसरी ओर, अमेरिका चाहता है कि भारत सोयाबीन, मक्का, कार और शराब पर आयात शुल्क में कटौती कर दे ताकि उसके उत्पाद भारत के बाजार में अपनी जगह बना सकें। अप्रैल में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा के दौरान इन आशंकाओं को दूर करने का प्रयास किया गया।

## अब गेंद अमेरिकी पाले में

अंतिम परिणाम क्या रहा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि, भारत ने प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है, अब गेंद पूरी तरह से अमेरिकी पाले में है। अगर अमेरिका भारत की चिंताओं पर नरम रुख अपनाता है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि जल्द ही समझौते का ऐलान हो जाएगा। सच तो यह है कि भारत-अमेरिका संबंधों में व्यापारिक गिला-शिकवा आपसी खींचतान का बड़ा कारण रहा है। जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है कि समझौते का बड़ा मकसद भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 190 बिलियन डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 500 बिलियन डॉलर करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए दोनों देशों के बीच अगले पांच वर्षों में 250-270 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त व्यापार आवश्यक है। इसके लिए दोनों देशों को रक्षा और ऊर्जा जैसे उच्च मूल्य वाले क्षेत्रों को बीटीए का हिस्सा बनाना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जेडी वेंस की मुलाकात के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति रक्षा सहयोग को गहरा करने और नवीनतम रक्षा उपकरणों विशेष रूप से एफ-35 लड़ाकू जेट खरीदने की पेशकश कर चुके हैं। इसके अलावा अमेरिका चाहता है कि भारत बड़े पैमाने पर उससे पेट्रोल खरीदे जिससे व्यापार घाटे को कम करने में मदद मिल सके। बहरहाल, तमाम अन्तर्विरोधों के बावजूद अगर दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर सहमति बनती है तो यह भारत-अमेरिका संबंधों की दृष्टि से काफी अहम होगा। समझौते से नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच व्यापार संबंध तो पुख्ता होंगे ही, साथ ही दोनों के बीच की रणनीतिक साझेदारी भी मजबूत हो सकेगी। दूसरा, व्यापक व्यापार समझौते के लागू हो जाने के बाद दोनों देश अपने द्विपक्षीय व्यापार को साल 2030 तक 500 बिलियन डॉलर तक ले जाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे। निसंदेह, दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध शिकवा-शिकायतों से भरे रहे हैं। वाशिंगटन नई दिल्ली पर कम टैरिफ का आरोप लगाता है जबकि भारत को अमेरिका द्वारा प्रौद्योगिकी प्रतिबंधों की शिकायत रहती है। अब अमेरिका आधे से अधिक आयातों पर टैरिफ में कटौती करने के लिए खुला और लचीला दृष्टिकोण दिखा रहा है, उससे लगता है कि एक निष्पक्ष और भविष्योन्मुखी समझौता दोनों देशों के बीच की व्यापार बाधाओं को दूर कर सकता है।

# टेस्ट कॅरियर के स्वर्णिम दौर में केएल राहुल, उनके बल्ले से निकलेंगे कई शतक: शास्त्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि 'फ्रंटफुट' तकनीक में बदलाव से केएल राहुल को इंग्लैंड में बल्लेबाजी में सफलता मिल रही है और उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले तीन चार साल तक वह इसी लय को बनाए रखेंगे। राहुल ने तीन टेस्ट में दो शतक और एक अर्धशतक की मदद से 375 रन बनाए हैं।

वह अब तक श्रृंखला में शुभमन गिल, ऋषभ पंत और जैमी स्मिथ के बाद सर्वाधिक रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। शास्त्री ने कहा,'मुझे लग रहा है कि उसने फ्रंट फुट की तकनीक में थोड़ा बदलाव किया है। इसके अलावा डिफेंस के समय स्टांस भी बदला है।' उन्होंने कहा कि नई तकनीक से उनके बोल्ड या पगबाधा आउट होने की संभावना भी कम हुई है । शास्त्री के अनुसार, बल्लेबाज केएल राहुल अपने टेस्ट करियर के स्वर्णिम दौर में हैं और उन्हें उम्मीद है कि भारत का यह सलामी बल्लेबाज आने वाले वर्षों में कई शतक लगाएगा।

### स्विंग लेती गेंदों का सामना करने के लिए राहुल के पास तकनीक

*शास्त्री ने यह भी कहा कि इंग्लैंड के हालात में स्विंग लेती गेंदों का सामना करने के लिए भी राहुल के पास तकनीक है। उन्होंने कहा, 'वह तकनीक का धनी है। अभी तक गेंद में इतना मूवमेंट दिखा नहीं है लेकिन अगर गेंद मूव भी करती है तो उसके पास इसका सामना करने की तकनीक है।' उन्होंने आगे कहा, 'दुनिया में ऐसा कोई नहीं होगा, जिसने यह कहा हो कि राहुल के पास प्रतिभा नहीं है। गुस्सा इस बात का था कि इतना प्रतिभाशाली होते हुए भी वह प्रदर्शन नहीं दे पा रहा लेकिन इस श्रृंखला में उसे शानदार लय में देखा है।' शास्त्री ने उम्मीद जताई कि उसका बल्लेबाजी औसत अगले कुछ साल में 50 के आसपास रहने वाला है।*




### राहुल अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म पर

शास्त्री ने एक खास तकनीकी बदलाव पर भी प्रकाश डाला जिसने काफी फर्क डाला है। उन्होंने कहा, मैं देख रहा हूं कि उसने अपने अगले पैर, अपनी मूवमेंट और डिफेंडिंग करते समय थोड़ा सा बदलाव किया है। उनकी तकनीक में अच्छे बदलाव आए हैं,जिससे उनके लिए मिड-विकेट की ओर शॉट मारना पहले से भी आसान हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि कैसे इस बदलाव से राहुल की बल्लेबाजी में काफी निखार आया है। पहले जिस तरह वह आउट हो रहे थे, उसमें सुधार देखने को मिला है। 33 साल की उम्र में, राहुल के अब 35.3 की औसत से 3,632 टेस्ट रन हैं, जिसमें 10 शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। पांच मैचों की सीरीज में भारत 1-2 से पीछे चल रहा है, ऐसे में सभी की निगाहें 23 जुलाई को मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच पर टिकी हैं।

## चैपल ने कहा, गिल की असली परीक्षा अब होगी शुरू

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल का मानना है कि शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है और युवा कप्तान के रूप में अपनी क्षमता की झलक दिखाई है, लेकिन उनकी असली परीक्षा अब शुरू होगी जबकि भारत पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-2 से पीछे चल रहा है। भारत इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट मैच 22 रन से हार गया और श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ गया। दोनों टीमें 23 जुलाई से मैनचेस्टर में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में आमने-सामने होंगी। चैपल ने अपने कॉलम में लिखा, 'भारतीय टीम अब इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट मैच की तैयारी कर रही है।




ऐसे में अब सभी की नजरें उनके 25 वर्षीय कप्तान शुभमन गिल पर टिकी हैं। एक प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी के रूप में उन्होंने बल्लेबाजी में कमाल का प्रदर्शन किया है और नेतृत्व क्षमता की झलक भी दिखाई है, लेकिन उनकी असली परीक्षा अब होगी। यह वह मौका है जो टेस्ट कप्तान के रूप में उनकी दिशा तय करेगा।'

### गिल को अपनी साख स्थापित करने का मौका

उन्होंने कहा, 'चयनकर्ता और गिल जिन खिलाड़ियों का चयन करते हैं उन पर उन्हें भरोसा बनाए रखना होगा। उन्हें खिलाड़ियों के एक मुख्य समूह की पहचान करनी होगी जिन पर उन्हें विश्वास रहे कि वे अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।' चैपल ने लिखा है, ' उन्हें अपनी स्पष्ट योजना बनानी होगी और प्रत्येक खिलाड़ी को उसकी भूमिका से अवगत कराना होगा। टीम में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी को अपनी भूमिका पता होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप



### पुजारा के जीवन पर लिखी किताब लंदन में लांच

**लंदन।** पूजा पुजारा की अपने पति और भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पर लिखी किताब 'द डायरी ऑफ अ क्रिकेटर वाइफ' को लाड्र्स क्रिकेट मैदान की लाइब्रेरी में जगह मिली है, जिसे शुक्रवार को आधिकारिक रूप से लंदन के नेहरू सेंटर में लांच किया गया। किताब की लेखिका पूजा का कहना है कि इस किताब में हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। इसमें पूजा ने एक पत्नी के मैदान के बाहर के नजरिए से भारतीय बल्लेबाज के 2010 से 2023 तक के अंतरराष्ट्रीय करियर की उपलब्धियों और संघर्षों के बारे में लिखा है। लाइब्रेरी में किताब के औपचारिक प्रस्तुतीकरण के बाद पुजारा ने कहा, 'क्रिकेट के इस मैदान (भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन) में घंटी बजाने और लॉर्ड्स में इस किताब की एक प्रति प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाना सम्मान की बात थी।

### काउंटी चैंपियनशिप में यॉर्कशर के लिए नहीं खेल पाएंगे गायकवाड़



**लंदन।** भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ निजी कारणों से यॉर्कशर की तरफ से काउंटी चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगे। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने यॉर्कशर के साथ पांच मैचों में खेलने के लिए समझौते पर सहमति व्यक्त की थी, जिसकी शुरुआत 22 जुलाई को स्कारबोरो में मौजूदा चैंपियन सरे के खिलाफ मैच से होनी थी। लेकिन यॉर्कशर ने एक बयान में पुष्टि की कि गायकवाड़ उपलब्ध नहीं होंगे। यॉर्कशर के मुख्य कोच एंथनी मैकग्रा ने कहा, 'दुर्भाग्यवश गायकवाड़ निजी कारणों से अब काउंटी चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगे। यह निराशाजनक है। मैं आपको इसके कारणों के बारे में कुछ नहीं बता सकता, लेकिन हमें उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा।

### महिला राष्ट्रीय शिविर में भाग लेगीं 40 खिलाड़ी



**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने 21 जुलाई से 29 अगस्त तक भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र (साइ) पर होने वाले सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिये 40 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की। पांच सितंबर से चीन के हांगझोउ में होने वाले महिला एशिया कप को देखते हुए यह शिविर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है । यह टूर्नामेंट 2026 एफआईएच महिला विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने का भी जरिया होगा। पिछले शिविर में शामिल सभी खिलाड़ियों को इसमें भी मौका दिया गया है। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, 'यह शिविर काफी अहम समय पर लगाया जा रहा है । एशिया कप प्रतिष्ठित टूर्नामेंट होने के साथ विश्व कप 2026 में सीधे जगह बनाने का जरिया भी है।

## सिर्फ 40 रन बनाते ही हिटमैन को पीछे छोड़ देंगे ऋषभ

# डब्ल्यूटीसी रिकॉर्ड: मैनचेस्टर में पंत के पास रोहित को पीछे छोड़ने का सुनहरा अवसर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय बल्लेबाज और विकेटकीपर ऋषभ पंत के पास टेस्ट क्रिकेट में रोहित शर्मा के रिकार्ड को तोड़ने का सुनहरा मौका है। भारत और इंग्लैंड के बीच 23 जुलाई से मैनचेस्टर में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में पंत रोहित को पछाड़कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) इतिहास में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन सकते हैं। पंत ने डब्ल्यूटीसी में फिलहाल 2677 रन बनाए हैं, जबकि रोहित ने इस चैंपियनशिप में 2716 रन बनाए हैं। यानी पंत को रोहित को पीछे छोड़ने के लिए 40 रन और बनाने की जरूरत है। पंत के पास चौथे टेस्ट के दौरान यह उपलब्धि हासिल करने का सुनहरा मौका रहेगा।

### अभी पंत दूसरे स्थान पर

भारतीय बल्लेबाजों में डब्ल्यूटीसी इतिहास में रोहित ने 69 पारियों में 2716 रन बनाए हैं। दूसरे स्थान पर पंत हैं, जिन्होंने 67 पारियों में 2677 रन बनाए हैं। विराट कोहली 79 पारियों में 2617 रन बनाकर इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, कप्तान शुभमन गिल ने डब्ल्यूटीसी इतिहास में 65 पारियों में 2500 रन बनाए हैं, जबकि रवींद्र जडेजा ने 64 पारियों में 2212 रन बनाए हैं वह शीर्ष पांच बल्लेबाजों में शामिल हैं।



### पंत की उपलब्धता को लेकर संशय

पंत की चौथे टेस्ट में उपलब्धता को लेकर भी संशय चल रहा है। पंत को तीसरे टेस्ट मैच में विकेटकीपिंग के दौरान चोट लगी थी और वह विकेट के पीछे जिम्मेदारी नहीं संभाल रहे थे। पंत की जगह विकेटकीपिंग के लिए ध्रुव जुरेल उतरे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पंत को मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में खेलने के लिए फिट घोषित हो गए हैं। तीसरे टेस्ट मैच के बाद पंत की फिटनेस को लेकर गिल ने कहा था, पंत स्कैन के लिए गए हैं और चोट ज्यादा गंभीर नहीं है इसलिए वह चौथे टेस्ट से पहले फिट हो जाएंगे। भारतीय टीम के लिए सीरीज में बने रहने के लिए चौथा टेस्ट जीतना काफी जरूरी है। अगर भारत अगला मुकाबला गंवा देता है तो सीरीज हार जाएगा। पंत इस सीरीज में अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं और चौथे टेस्ट मैच में भी उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

### टेस्ट में इतिहास बनाने से 31 रन दूर रूट

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट टेस्ट क्रिकेट में एक ताकत रहे हैं। कप्तानी छोड़ने के बाद से, 34 वर्षीय रूट टेस्ट क्रिकेट में बेहद प्रभावशाली रहे हैं और अब जैक्स कैलिस और राहुल द्रविड़ के शानदार टेस्ट रिकॉर्ड को तोड़ने की राह पर हैं। गौरतलब है कि रूट को टेस्ट क्रिकेट इतिहास में तीसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के लिए केवल 31 रनों की जरूरत है। सचिन तेंदुलकर 15921 रनों के साथ इस सूची में शीर्ष पर हैं, उनके बाद रिकी पोंटिंग 13378 रनों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जैक्स कैलिस और राहुल द्रविड़ क्रमशः 13289 और 13288 रनों के साथ तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। रूट, जिनके नाम टेस्ट क्रिकेट में 13259 रन हैं, मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट में कैलिस और द्रविड़ को आसानी से पीछे छोड़ सकते हैं। वह चौथे टेस्ट में पोंटिंग को पीछे छोड़कर टेस्ट इतिहास में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं। रूट को केवल 119 रनों की जरूरत है, जो रूट जैसे कद के खिलाड़ी के लिए आसानी से हासिल किया जा सकता है। हालाँकि, सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के लिए उन्हें तेंदुलकर को पीछे छोड़ने के लिए समय चाहिए।



## फिडे महिला विश्व कप

## हम्पी ने युक्सिन को हराया सेफा में पहुंचने से एक ड्रॉ दूर

एजेंसी ▶▶| बातुमी (जॉर्जिया)

भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने शनिवार को क्वार्टर फाइनल के पहले गेम में चीन की युक्सिन सोंग को हराकर फिडे विश्व महिला शतरंज कप के अंतिम चार चरण में पहुंचने की ओर कदम बढ़ाया। हम्पी ने 53 चाल में चीन की खिलाड़ी को हराया। इस बीच भारतीय खिलाड़ियों दिव्या देशमुख और डी हरिका के बीच 31 चाल के बाद मुकाबला ड्रॉ रहा। चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त टिंगजी लेई दिन की दूसरी विजेता खिलाड़ी रहीं। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए जॉर्जिया की नाना जाग्निद्जे के खिलाफ जीत हासिल की जिससे वह सेमीफाइनल में पहुंचने का प्रबल दावेदार हैं। दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आर वैशाली ने पूर्व विश्व महिला चैंपियन चीन की झोंगयी टैन से 73 चाल के बाद ड्रॉ खेला। विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि 691250 अमेरिकी डॉलर है जिसमें से 50000 अमेरिकी डॉलर विजेता खिलाड़ियों को मिलेंगे। इसमें अगले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए तीन क्वालीफाइंग स्थान भी दांव पर हैं जिससे अगले महिला विश्व चैंपियनशिप मैच में मौजूदा चैंपियन वेनजुन जू के प्रतिद्वंदी का फैसला होगा।



■ विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहली बार पहुंची भारत की चार खिलाड़ी

### वैशाली के सामने कठिन चुनौती, पूर्व महिला विश्व चैंपियन से होगा मुकाबला



यह पहला अवसर है जब किसी एक देश की चार खिलाड़ी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। क्वार्टर फाइनल में हरिका का सामना दिव्या देशमुख से होगा, जिससे कम से कम एक भारतीय का सेमीफाइनल में जगह बनाना तय हो गया है। आर. वैशाली के सामने सबसे कठिन चुनौती है क्योंकि उनका सामना क्वार्टर फाइनल में पूर्व महिला विश्व चैंपियन चीन की तान झोंगयी से होगा। इस तरह से भारत की कुल तीन खिलाड़ियों के पास सेमीफाइनल में जगह बनाने का मौका होगा। यह प्रतियोगिता अगले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफायर भी है। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में चीन की टिंगजी लेई का मुकाबला जॉर्जिया की नाना दजाग्निडेज़ से होगा।

## इंग्लैंड ने भारत को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर की

भाषा ▶▶| लंदन



इंग्लैंड ने वर्षा से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय मैच में शनिवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। इससे पहले दिन में, इंग्लैंड की शानदार गेंदबाजी के सामने सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (42) और दीप्ति शर्मा (नाबाद 30) की संयमित बल्लेबाजी से भारतीय महिला टीम ने तीन मैच की श्रृंखला में बारिश से प्रभावित 29 ओवर के दूसरे वनडे में आठ विकेट पर 143 रन बनाये। लगातार बारिश के कारण मैच शुरू होने में काफी विलंब हुआ और इसे 29-29 ओवर का कर दिया गया था। शुरुआत में इंग्लैंड को 29 ओवर में 144 रन का लक्ष्य प्राप्त करना था, लेकिन फिर से बारिश होने के कारण लक्ष्य को संशोधित कर 24 ओवर में 115 रन कर दिया गया, तब 18.4 ओवर में इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 102 रन था। घरेलू टीम ने अंततः संशोधित लक्ष्य को 21 ओवर में हासिल कर मैच जीत लिया। इससे पहले इंग्लैंड ने बादलों की आंख मिचौली के बीच टॉस जीत कर गेंदबाजी करने का फैसला किया। तेज गेंदबाज एम अर्लॉट (26 रन पर दो विकेट) ने पारी के दूसरे ही ओवर में प्रतिका रावल (तीन) को बोल्ड कर भारत को बड़ा झटका दिया।

## महिला यूरो 2025...



**बर्न।** स्पेन के खिलाड़ी स्विट्जरलैंड के बर्न के स्टेडियन वैंकडॉर्फ स्टेडियम में स्पेन और स्विट्जरलैंड के बीच महिला यूरो 2025 क्वार्टर फाइनल फुटबॉल मैच के अंत में जश्न मनाते हुए।

### फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम में एरिगैसी हारकर बाहर

**लास वेगास।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी का फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में स्वप्निल सफर सेमीफाइनल में आर्मेनिया के पूर्व खिलाड़ी और अब अमेरिका की तरफ से खेल रहे लेवोन अरोनियन से 0-2 से हार के साथ समाप्त हो गया। एरिगैसी ने प्रतियोगिता में इससे पहले शानदार प्रदर्शन किया था तथा वह फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम के अंतिम चार में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने थे। अरोनियन के खिलाफ वह अपनी जादुई लय बरकरार नहीं रख पाए और उन्हें दोनों बाजियों में हार का सामना करना पड़ा। इस भारतीय खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए प्रारंभिक दौर के प्ले-ऑफ में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को तथा क्वार्टर फाइनल में हिकारू नाकामुरा को हराया था।

## एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप : हांगकांग से मुकाबला आज

# भारत ने यूएई को दी मात, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| सोलो (इंडोनेशिया)

भारत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को ग्रुप डी के मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर 110-83 से जीत दर्ज करके बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। भारत ने इससे पहले ग्रुप के अपने शुरुआती मुकाबले में शुक्रवार को श्रीलंका को हराया था। ग्रुप की एक अन्य टीम हांगकांग ने भी अपने दोनों मुकाबले जीते हैं और उसने भी भारत के साथ क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। ग्रुप डी के शीर्ष पर रहने वाली टीम का फैसला करने के लिए अब भारत और हांगकांग के बीच रविवार को मुकाबला होगा। यह टूर्नामेंट रिले स्कोरिंग प्रारूप के तहत खेला जा रहा है, जहां टीमें 10 मैचों में 110 अंक हासिल करने कोशिश करती हैं। भारत ने यूएई के खिलाफ शुरू से ही दबदबा बना दिया था। पहले मैच में लड़कियों के एकल में रुजुला रामू ने मायशा खान को 11-5 से हराया। इसके बाद मिश्रित युगल में सी लालरामसांगा और तारिणी सूरी ने बढ़त को 22-11 तक पहुंचा दिया।

■ भारत ने अपने शुरुआती मुकाबले में श्रीलंका को हराया था



### नहीं होगा प्ले ऑफ मुकाबला

भारत ने इस मिश्रित टीम प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 में किया था, जब उसने कांस्य पदक जीता था। पिछले वर्ष भारत क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से 2-3 से हारकर पदक से चूक गया था। इस प्रतियोगिता में कुल 17 टीम भाग ले रही हैं, जिन्हें चार ग्रुप में बांटा गया है। तीन ग्रुप में चार-चार जबकि एक ग्रुप में पांच टीम शामिल है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर-फाइनल में पहुंचेंगी। इस साल की चैंपियनशिप में 110 अंकों की रिले प्रणाली अपनाई गई। प्रत्येक मुकाबले में 10 मैच होते हैं (पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल में दो-दो मैच) और जो टीम सबसे पहले 110 अंक तक पहुंचती है उसे विजेता घोषित किया जाता है। इस प्रतियोगिता में तीसरे स्थान के लिए प्ले ऑफ मुकाबला नहीं होगा और सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीमों को कांस्य पदक मिलेगा।

## शमी की घरेलू क्रिकेट में वापसी की उम्मीद, बंगाल टीम से खेल सकते हैं

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद से ही प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर चल रहे अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी आगामी घरेलू सत्र में मैदान पर वापसी कर सकते हैं क्योंकि उन्हें बंगाल की 50 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है।

बंगाल क्रिकेट संघ ने शनिवार को जो सूची जारी की उसमें तेज गेंदबाज आकाश दीप और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन भी शामिल हैं। यह दोनों अभी भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर हैं। तेज गेंदबाज मुकेश कुमार, बल्लेबाज अनुस्तुप मजूमदार, स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर शाहबाज अहमद और विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिषेक पोरेल भी संभावित खिलाड़ियों में शामिल है। शमी सत्र के शुरुआती टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी में पूर्वी क्षेत्र के लिए भी खेल सकते हैं, जो 28 अगस्त से शुरू होगा। अगर सब कुछ अनुकूल रहा तो इस टूर्नामेंट से शमी की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी हो सकती है। शमी ने टखने की चोट से उबरने के बाद इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की तरफ से आखिरी बार खेले थे।





केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'इंडिया एआई मिशन' के तहत निःशुल्क डेटासेट और अन्य सामग्री अपलोड की जा रही है। लगभग 10 लाख लोगों को एआई के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक दुनिया की शीर्ष दो अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा

### आईआईटी हैदराबाद के दीक्षांत समारोह में बोले मंत्री वैष्णव

# भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 40 अरब अमेरिकी डॉलर पार

**इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन, एआई, सेमीकंडक्टर, दूरसंचार क्षेत्र और रेलवे अगली पीढ़ी के लिए आधार**

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पिछले 11 वर्षों में 8 गुना वृद्धि के साथ 40 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 6 गुना बढ़ गया है। यह वृद्धि विकास की अभूतपूर्व गति है, जो बहुत कम देशों ने पहले कभी देखी है। यह दोहरे अंकों की सीएजीआर दर है जिससे कोई भी कॉर्पोरेट ईर्ष्या करेगा। आईआईटी हैदराबाद के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, वैष्णव ने भारत की विकास गाथा और अगली पीढ़ी के लिए आधार के पांच उदाहरण दिए- इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन, एआई, सेमीकंडक्टर, दूरसंचार क्षेत्र और रेलवे।

उन्होंने भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की तेज प्रगति का जिक्र भी किया, जिसके अगस्त या सितंबर 2027 तक चालू होने की उम्मीद है। वैष्णव ने कहा कि इस साल व्यावसायिक स्तर पर पहली भारत में बनी सेमीकंडक्टर चिप आएगी। उन्होंने इसका श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी को दिया।

### भारत ने सौ 5जी प्रयोगशालाएं स्थापित की

*मंत्री वैष्णव ने कहा कि लगभग साढ़े तीन वर्षों में, भारत एक संपूर्ण 4जी दूरसंचार स्टैक डिजाइन कर सकता है। आज, यह लगभग 90,000 दूरसंचार टावरों पर स्थापित है, जो दुनिया के कई देशों के नेटवर्क से भी अधिक है। दूरसंचार पहल के हिस्से के रूप में, सरकार ने 100 5जी प्रयोगशालाएं स्थापित की हैं, जहां छात्र 5जी उपकरणों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकते हैं, दुनिया के उपयोग के मामलों पर काम करने और व्यावहारिक समाधान विकसित करने में मदद मिलेगी।*

### 10 लाख लोगों को एआई प्रशिक्षित कर रहे

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'इंडिया एआई मिशन' के तहत निःशुल्क डेटासेट और अन्य सामग्री अपलोड की जा रही है। लगभग 10 लाख लोगों को एआई के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे के पास इस समय वंदे भारत का तीसरा संस्करण पहले से ही मौजूद है, जिसका निर्माण चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक दुनिया की शीर्ष दो अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा।

» **भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप 2025 में आएगी**

» **पहली बुलेट ट्रेन 2027 तक शुरू होने की पूरी उम्मीद**

**छह सेमीकंडक्टर संयंत्र का निर्माण हो रहा**

*केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भरोसा जताया कि भारत आने वाले वर्षों में दुनिया के शीर्ष पांच सेमीकंडक्टर उत्पादक देशों में एक बनने की राह पर है। आज कुछ सबसे जटिल चिप हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे, गुरुग्राम और चेन्नई जैसे शहरों में डिजाइन किए जाते हैं। अब हम सेमीकंडक्टर चिप का निर्माण शुरू कर रहे हैं। हमने पहले ही छह सेमीकंडक्टर संयंत्र को मंजूरी दे दी है। उनका निर्माण कार्य जारी है। हमारे पास 2025 में पहली भारत निर्मित सेमीकंडक्टर चिप होगी।*

### चार यूरोपीय देशों के साथ हुए समझौते पर केंद्रीय मंत्री गोयल का बड़ा खुलासा

# एक अक्टूबर से लागू होगा भारत-ईएफटीए ट्रेड एग्रीमेंट, निवेश और रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**समझौते के तहत भारत को समूह से 15 वर्षों में 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और कटे और पॉलिश किए गए हीरों जैसे कई उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर अनुमति दी गई है**

भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता एक अक्तूबर से लागू होगा। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत, भारत को समूह से 15 वर्षों में 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और कटे और पॉलिश किए गए हीरों जैसे कई उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर अनुमति दी गई है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि भारत-ईएफटीए टीईपीए 1 अक्टूबर से प्रभावी होगा। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। समूह ने 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

**10 वर्षों में कई वस्तुओं पर सीमा शुल्क समाप्त होगा**

**समझौते से 10 लाख लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा**



### भारतीय सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा

**भारतीयों को स्विस उत्पाद सस्ती दरों पर मिलेंगे**

भारत अपनी टैरिफ लाइनों या उत्पाद श्रेणियों का 82.7 प्रतिशत हिस्सा देने की पेशकश कर रहा है, जो ईएफटीए निर्यात का 95.3 प्रतिशत है, जिसमें से 80 प्रतिशत से अधिक आयात सोना है। घरेलू ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले स्विस उत्पाद, जैसे घड़ियां, चॉकलेट, बिस्कुट और घड़ियां, कम कीमत पर उपलब्ध हो जाएंगे। भारत व्यापार समझौते के तहत इन वस्तुओं पर सीमा शुल्क को 10 वर्षों में चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर देगा।

सेवा क्षेत्र में, वाणिज्य मंत्रालय ने पहले कहा था कि भारत ने ईएफटीए को 105 उप-क्षेत्रों की पेशकश की है, जैसे लेखांकन, व्यावसायिक सेवाएं, कंप्यूटर सेवाएं, वितरण और स्वास्थ्य। दूसरी ओर, देश ने स्विट्जरलैंड से 128 उप-क्षेत्रों में, नॉर्वे से 114, लिकटेंस्टीन से 107 और आइसलैंड से 110 उप-क्षेत्रों में प्रतिबद्धताएं हासिल की हैं। जिन क्षेत्रों में भारतीय सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा।उनमें कानूनी, दृश्य-श्रव्य, अनुसंधान एवं विकास, कंप्यूटर, लेखांकन और लेखा परीक्षा शामिल हैं।

**समझौता होने में 16 वर्ष लगे**

*समझौते के कार्यान्वयन के बाद 10 वर्षों के भीतर 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तथा अगले पांच वर्षों में 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर- जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। यह भारत द्वारा अब तक हस्ताक्षरित किसी भी व्यापार समझौते में सहमत अपनी तरह की पहली प्रतिज्ञा है। यह प्रतिबद्धता इस समझौते का मुख्य तत्व है, जिसे पूरा होने में लगभग 16 वर्ष लगे, जिसके बदले में भारत ने ईएफटीए देशों से आने वाले कई उत्पादों के लिए अपने बाजार खोल दिए। इस समूह में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार स्विट्जरलैंड है। शेष तीन देशों के साथ भारत का व्यापार कम है।*

### यूएस में कार सवार ने भीड़ को रौंदा

# 28 घायल, 10 की हालत गंभीर वाहन चालक गिरफ्तार

**पुलिस ने इलाके को घेरा**

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के लॉस एंजिलिस में शनिवार को एक कार सवार ने भीड़ पर गाड़ी चढ़ा दी। इस हादसे में 28 लोग घायल हो गए, जिनमें 10 की हालत गंभीर है। यह हादसा स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 2 बजे वेस्ट सांता मोनिका बुलेवार्ड पर वर्मोंट नाइट क्लब के पास हुआ, जो एक म्यूजिक वेन्यू के पास है। लॉस एंजिलिस फायर डिपार्टमेंट (एलएएफडी) की टीम ने मीडिया को बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम जारी है।



**गोली चलने की आवाज सुनी**

*हादसे के समय मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि अचानक एक तेज रफ्तार गाड़ी भीड़ में घुसी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। सड़क पर एक ग्रे रंग की कार डैमेज हालत में दिखी, मलबा बिखरा पड़ा था। हादसे के बाद कार सामने से बुरी तरह डैमेज हो गई। एक महिला ने मीडिया बताया कि उसने कार के भीड़ में घुसने से पहले गोली चलने की आवाज सुनी थी। उसने कहा कि ड्राइवर हादसे के बाद गाड़ी में ही था, बाद में सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़कर जमीन पर गिरा दिया।*






### पीएम ने स्वामी शक्ति शरणानंद से की मुलाकात लिया आशीर्वाद

**मोतिहारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर बिहार के मोतिहारी पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश को 7,200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात दी। इसके अलावा, उन्होंने स्वामी शक्ति शरणानंद सरस्वती महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मुलाकात की जानकारी खुद प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। मुलाकात की तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि मोतिहारी में स्वामी शक्ति शरणानंद सरस्वती जी महाराज से आशीर्वाद लेने का सौभाग्य मिला। उनके व्यक्तित्व में जहां तेज और ओज का वास है, वहीं वाणी में आध्यात्मिकता रची-बसी है। महाराज जी की आत्मीयता, स्नेह और मार्गदर्शन से अभिभूत हूं।

### 2.73 लाख ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**6,365 श्रद्धालुओं का नया जत्था रवाना**



*जम्मू। इस वर्ष शांति और सुरक्षा के बीच अमरनाथ यात्रा जारी है। 3 जुलाई को शुरू हुई इस यात्रा में अब तक 2.73 लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन कर लिए हैं। वहीं, शनिवार को जम्मू के भगवती नगर से 6,365 श्रद्धालुओं का नया जत्था दो काफिलों में रवाना हुआ। पहले काफिले में 92 वाहन सुबह 3:25 बजे बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए, जिनमें 2,851 यात्री थे, जबकि दूसरा काफिला 119 वाहनों के साथ सुबह 3:53 बजे पहलगाम बेस कैंप के लिए रवाना हुआ, जिसमें 3,514 यात्री सवार थे। पवित्र गुफा, जो समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, तक पहुंचने के लिए दो रास्ते हैं। पारंपरिक पहलगाम मार्ग और छोटा बालटाल मार्ग। पहलगाम से यात्रा करने वाले श्रद्धालु चंदनवारी, शेषनाग और पंचतरिणी होते हुए लगभग 46 किलोमीटर की पदयात्रा कर चार दिनों में गुफा तक पहुंचते हैं। वहीं बालटाल मार्ग से श्रद्धालु 14 किलोमीटर का रास्ता तय कर उसी दिन दर्शन कर वापस लौट सकते हैं।*

ब्रिटेन के साथ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर करेंगे हस्ताक्षर

# 23 से 26 जुलाई तक ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा पर रहेंगे प्रधानमंत्री!

- मालदीव के 60वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे शिरकत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगले सप्ताह होने वाली दुनिया के दो देशों ब्रिटेन और मालदीव के आधिकारिक यात्रा कार्यक्रम की जानकारी सामने आ गई है। 23 से 26 जुलाई तक उनकी यह यात्रा होगी। जिसका पहला पड़ाव ब्रिटेन होगा। जहां प्रधानमंत्री 23 से 24 जुलाई तक रहेंगे और ऐतिहासिक भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। इसके बाद 25 से 26 जुलाई तक पीएम की यात्रा का दूसरा पड़ाव मालदीव होगा। जिसका उद्देश्य मालदीव के 60वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करना है। बीते समय में दोनों देशों के मध्य आए कूटनीतिक तनाव के बीच भारत के शीर्ष नेता की यह पहली मालदीव की यात्रा होगी। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2019 में मालदीव की यात्रा की थी।

**ट्रंप के टैरिफ, ईयू की पाबंदियों के बीच होती यात्रा**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ट्रेड टैरिफ की बढ़ती चुनौती और रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर रूस से तेल खरीद को लेकर यूरोपीय संघ (ईयू) से भारत को मिलती सख्त पाबंदियों की धमकी के बीच भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ब्रिटेन की ये यात्रा हो रही है। जिसमें दोनों देशों के बीच होने वाले मुक्त व्यापार समझौते से द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में सराहनीय विस्तार के साथ ही सुरक्षा संबंधों को भी और अधिक गहराई मिलेगी। भारत और ब्रिटेन ने वर्ष 2030 तक अपना द्विपक्षीय व्यापार कुल करीब 120 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। यह समझौता इसी दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही भारत से ब्रिटेन को होने वाले 99 फीसदी व्यापार को प्रभावित करेगा।

### सीडीएस ने किया वेलिंगटन का दौरा, 81वें स्टाफ कोर्स के छात्रों को किया संबोधित



**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन स्थित डिफेंस स्टाफ कॉलेज का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने 81वें स्टाफ कोर्स के छात्र अधिकारियों, कॉलेज के स्थायी कर्मचारियों और स्टेशन अधिकारियों को संबोधित किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि संबोधन में सशस्त्र सेनाओं के सर्वोच्च अधिकारी सीडीएस जनरल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर पर व्याख्यान दिया। साथ ही भारतीय सशस्त्र बलों के सफल अभियानों में तीनों सेनाओं के बीच शानदार तालमेल के अहम पहलुओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25